(क) डॉ. राजेन्द्र लाल मित्र का वर्गीकरण :

डॉ. मित्र[2] ने पारिभाषिक शब्दावली के कुल छः भेद किए हैं ।

(१) कभी-कभी पारिभाषिक शब्द के रूप में व्यवहृत होने वाले सामान्य शब्द, जैसे – सिर, पेड, लोहा तथा ज्वर आदि ।

(२) प्रमुख रूप से मानविकी और सामाजिक क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले वे अर्ध पारिभाषिक शब्द, जिनका इस्तेमाल कभी सामान्य शब्द के रूप में होता है तो कभी पारिभाषिक रूप में ।

(३) ऐसे योगिरुढ़ शब्द, जिनका अस्तित्व अब नाममात्र के लिए रह गया है । इस प्रकार के

---

1. भारतीय राष्ट्रभाषा - सीमाएँ तथा समस्याएँ – डॉ. सत्यव्रत – पृ. ११६
2. A scheme for the rendering of European Scientific Terminology in the Vernaculars of India -- Rajendra Lal Mitra -- P. 107, Ed. 1877

शब्द कभी वस्तुओं के गुणों का द्योतन करते थे, जैसे – कुनैन, आक्सीजन इत्यादि ।

(४) वनस्पति विज्ञान तथा प्राणिविज्ञान में प्रयुक्त होने वाले द्विपदीय नाम, जो अब महज इनसे संबंधित 'वंश' और जाति का ही बोध कराते हैं ।

(५) अपना व्युत्पत्तिजनक अर्थ व्यक्त करने वाले तकनीकी शब्द इस श्रेणी में आते हैं, यथा – रवाकरण, अंकुरण आदि तथा

(६) इस अंतिम श्रेणी में वे शब्द आते हैं, जिनका मूल संबंध रसायन शास्त्र या रचना विज्ञान से होता है । इन्हें समस्तपदीय शब्द कहा जाता है । यहाँ एक या दोनों शब्द अपना व्युत्पत्ति परक अर्थ देता है, यथा– सल्फ्यूरिक अम्ल आदि ।

(ख) डॉ. भोलानाथ तिवारी का वर्गीकरण :

डॉ. तिवारी[1] ने पारिभाषिक शब्दावली को पाँच टुकडों में अधोलिखित रूप में बाँटा हैं । वे कहते भी हैं कि किसी भाषा के पारिभाषिक शब्दों को विभिन्न आधारों पर कई वर्गों में बाँटा जा सकता है –

(१) इतिहास के आधार पर –

(क) तत्सम जैसे अणु - molecule,

(ख) तद्भव (जैसे acknowledgement के लिए 'पावती'),

(ग) विदेशी (जैसे मीटर, विटैमिन),

(घ) देशज (जैसे silt के लिए भल) ।

---

1. अनुवाद विज्ञान – डॉ. भोलानाथ तिवारी – पृ. २१७-२१८

(२) प्रयोग के आधार पर –

(क) पूर्ण पारिभाषिक – इस वर्ग में वे शब्द आते हैं, जो केवल पारिभाषिक शब्द के रुप में ही विभिन्न शास्त्रों में प्रयुक्त होते हैं, जैसे – भाषा विज्ञान में ध्वनिग्राम, नाट्य शास्त्र में प्रकरी या गणित में दशमलव,

(ख) अर्थ पारिभाषिक या मध्यस्थ – इस वर्ग में वे शब्द आते हैं जो पारिभाषिक अर्थों में भीप्रयुक्त होते हैं तथा सामान्य अर्थ में भी । उदाहरण के लिए – 'अक्षर' । यह शब्द सामान्य भाषा में लिखित वर्ण या letter के लिए आता है, किन्तु भाषा विज्ञान में syllable के लिए । इसी तरह 'असंगति', अलंकार शास्त्र में एक विशिष्ट अलंकार का नाम है, अतः पारिभाषिक है, किन्तु सामान्य बातचीत में भी 'संगति न होने' के अर्थ में इसका प्रयोग होता है । 'आपत्ति' शब्द सामान्य शब्द के रुप में बातचीत में आता है और पारिभाषिक शब्द के रुप में कानून या विधि में,

(ग) सामान्य – उन शब्दों को कहते हैं,जो मूलतः सामान्य भाषा के सामान्य शब्द हैं, किन्तु प्रसंगतः विशिष्ट शास्त्रों या विज्ञानों में पारिभाषिक शब्द का भी अर्थ देते हैं। उदाहरण के लिए पलंग, कुर्सी, सोफा सामान्य शब्द हैं, किन्तु काष्ठकला में ये पारिभाषिक शब्द हैं । इसी तरह 'दाँत' चिकित्सा में पारिभाषिक शब्द है तो सामान्य भाषा में सामान्य शब्द है । 'ध्वनि' व्याकरण और भाषाशास्त्र में पारिभाषिक है, किन्तु मूलतः यह सामान्य भाषिक व्यवहार का सामान्य शब्द है ।

(३) सूक्ष्मता - स्थूलता के आधार पर – इस आधार पर पारिभाषिक शब्दों के दो वर्ग बनाए जा सकते हैं –

(क) संकल्पना बोधक (Conceptual) पारिभाषिक शब्द – जो विभिन्न प्रकार की संकल्पनाओं को व्यक्त करते हैं, जैसे – गणित (दशमलव, बिन्दु, समीकरण), भौतिक शास्त्र (गीत, अनुवाद ऊर्जा) । दर्शन शास्त्र (मुक्ति, द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, सुखवाद), मनोविज्ञान (व्यक्तित्व, हीन ग्रंथि) आदि में प्रयुक्त होने वाले बहुत से पारिभाषिक शब्द,

(ख) वस्तु बोधक (Objective) पारिभाषिक शब्द – जो ठोस चीज़ों को व्यक्त करते हैं, जैसे – रसायन शास्त्र (कैलशियम, सोडियम, कार्बन, मूल तत्वों के नाम, मिश्र तत्वों के नाम), प्राणिशास्त्र (कोशिका, धमनी, जीवद्रव्य) या वनस्पति शास्त्र (जाइलम, फ्लोयम) में प्रयुक्त होने वाले बहुत से शब्द ।

(४) स्रोत के आधार पर – इस आधार पर शब्द मुख्यतः तीन प्रकार के हो सकते हैं ।

(क) भाषा में पहले प्रयुक्त शब्द – इस वर्ग में वे शब्द आते हैं, जो लक्ष्य भाषा में पहले से हों, जैसे - हिन्दी में जीव, चूना, नस, बिजली आदि । ऐसे शब्द शुद्ध पारिभाषिक (जैसे विशेषण) भी हो सकते हैं और ऐसे भी हो सकते हैं, जो मूलतः सामान्य हों, किन्तु शास्त्र विशेष में पारिभाषिक शब्द के रुप में भी प्रयुक्त होते हों, जैसे मुक्ति,

(ख) दूसरी भाषा से गृहित शब्द – ये शब्द भी मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं । एक तो वे प्राय: अपने मूल रुप में ही गृहीत कर लिए गए हों, जैसे – कार्बन, राडार, मीटर, लीटर, कैलशियम और दूसरे वे जो लक्ष्य भाषा की ध्वनि-व्यवस्था या ध्वनि-प्रकृति के अनुरुप अनुकूलित कर लिए गये हों, जैसे – Acdemy का अकादमी या interim का अंतरिम । हिन्दी में गृहीत पारिभाषिक शब्द तथाकथित अंतर्राष्ट्रीय पारिभाषिक शब्द, अंग्रज़ी पारिभाषिक शब्द,

संस्कृत पारिभाषिक शब्द या भारतीय भाषाओं एवं बोलियों के पारिभाषिक शब्द हो सकते हैं । हिन्दी की उर्दू शैली अरबी-फारसी से भी ऐसेशब्दों को लेती है ।

(ग) नवनिर्मित शब्द – कभी-कभी पहले वर्ग के अभाव में तथा दूसरे वर्ग के शब्द का किसी कारणवश ग्रहण न कर पाने की स्थिति में, लक्ष्य भाषा के अनुवादक के दो या अधिक शब्द धातु, उपसर्ग, प्रत्यय आदि की सहायता से नए शब्द गढ़ने पड़ते हैं । हिन्दी में विभिन्न विज्ञानों के लिए ऐसे काफी शब्द गढे गए हैं, जैसे – रुपग्राम (Morphene) , मंत्रिमंडल (Cabinet), मंत्रालय (Ministry), निदेशक (Director), कुलसचिव (Registrar), संपादकीय (Editorial) आदि ।

(५) विषय के आधार पर – विषय के आधार पर किसी भाषा के पारिभाषिक शब्दों के उतने भेद किए जा सकते हैं, जितने विशिष्ट विषय हैं, जैसे – रसायन शास्त्रीय पारिभाषिक शब्दावली, भाषा-वैज्ञानिक पारिभाषिक शब्दावली या दर्शन शास्त्रीय पारिभाषिक शब्दावली आदि । वस्तुतः इस अंतिम आधार पर पारिभाषिक शब्दों के कई सौ भेद हो सकते हैं । यों इस प्रसंग में यह भी उल्लेख्र हैं कि बहुत से ऐसे शब्द भी होते हैं, जो एक से अधिक ज्ञानों, विज्ञानों या शासत्रों में प्रयुक्त होते हैं, जैसे – 'धातु' धातू विज्ञान में भी आता है और भाषा विज्ञान में भी ।

(ग) डॉ. गोपालशर्मा का वर्गीकरण :

डॉ. गोपाल शर्मा[1] के अनुसार पारिभाषिक शब्द तीन तरह के होते हैं ।

---

1. समाज के विज्ञानों की पारिभाषिक शब्दावली का समीक्षात्मक अध्ययन – डॉ. गोपाल शर्मा – पृ. १०

(१) पूर्ण पारिभाषिक

(२) मध्यस्थ

(३) सामान्य

(घ) डॉ. विनोद गोदरे का वर्गीकरण :

डॉ. विनोद गोदरे[1] ने पारिभाषिक शब्दावली को स्थूल से दो वर्गों में बाँटा है –

(१) पूर्ण पारिभषिक शब्दावली – जो विभिन्न अनुसंधानों में ज्ञान, विज्ञान शाखाओं में प्रयुक्त शब्दावली का स्थूल वाचक शब्दावली है ।

(२) अर्द्ध पारिभाषिक शब्दावली – जिसमें सामान्य शब्द संदर्भ विशेष में पारिभाषिक शब्द बन जाते हैं । चूँकि सामान्यत: ये पारिभषिक शब्द नहीं होते, किन्तु कभी-कभार ही संदर्भ की आवश्यकता से पारिभाषिक बनते हैं अत: इन्हें पारिभाषिकोन्मुख सामान्य शब्द कहा जा सकता है । इन्हें अर्द्ध पारिभाषिक शब्द भी कहा जा सकता है ।

डॉ. दंगल झ़ालटे का वर्गीकरण[2] –

प्रयुक्ति अथवा प्रयोग के आधार पर 'शब्द' के एक ओर तो बहुप्रयुक्त, अल्पप्रयुक्त तथा अप्रयुक्त आदि भेद किए जा सकते हैं, तथा दूसरी ओर सामान्य, अर्ध-पारिभाषिक तथा पारिभाषिक । परन्तु इस संदर्भ में मुख्य: शब्दों के तीन प्रमुख प्रकार या रूप माने जा सकते हैं –

१. सामान्य शब्द

२. अर्धपारिभाषिक शब्द

---

1. प्रयोजनमूलक हिन्दी – डॉ. विनोद गोदरे – पृ. १५९
2. प्रयोजनमूलक हिन्दी सिद्धांत और प्रयोग – डॉ. दंगल झ़ालटे– पृ. ७७-७९

३. पारिभाषिक शब्द

१. **सामान्य शब्द** – सामान्य शब्दों का सम्बन्ध जीवन और जगत् के दैनंदिन या सामान्य व्यवहार तथा बोलचाल आदि से है । अर्थात् ऐसे शब्दों का प्रयोग रोज़मर्रा के सामान्य व्यवहार विषयक बातों की सहज अभिव्यक्ति के लिए किया जाता है । प्रत्येक भाषा की सर्वसामान्य अभिव्यंजना के मूलाधार ऐसे सामान्य शब्द ही माने जाते हैं और उनमें संबन्धित भाषा के सर्वनाम तथा सामान्य जीवन व जगत् से सम्बन्धित बहुप्रयुक्त क्रिया, संज्ञा, विशेषण तथा क्रिया विशेषण आदि का समावेश रहता है । ऐसे सामान्य शब्दों के आधार पर ही कोई व्यक्ति भाषा सीखता है और उनका नित्य प्रति के व्यवहार में उपयोग भी करता है । बच्चा भी जब मातृभाषा सीखता है तब सर्वप्रथम सामान्य शब्दों को ही सीखता है । खाना, पीना, चलना, चाचा, माँ, पिता, आना, जाना, ठंडा, गरम, रोटी, पानी, कलम, मेज़, कुर्सी जैसे शब्द सामान्य शब्द की श्रेणी में आयेंगे। बोलचाल, वार्तालाप या संवाद तथा ललित साहित्य आदि में ऐसे शब्दों का प्रयोग होता है । सरलता, भावुकता, लक्षणा-व्यंजनाश्रितता तथा सहजता आदि गुण सामान्य शब्दों में देखे जा सकते हैं । सामान्य शब्द पारिभाषिक शब्द के रूप में कभी प्रयोग में नहीं आते ।

२. **अर्धपारिभाषिक शब्द** – सामान्य शब्दों के अलावा कुछ ऐसे शब्द हैं जो सामान्य तथा पारिभाषिक दोनों रूपों में प्रयोग में लाये जाते हैं । अर्थात् कुछ ऐसे शब्द होते हैं जिनका प्रयोग स्थिति, विषय-वस्तु तथा संदर्भ के अनुसार कभी तो सामान्य शब्दों के रूप में होता है, और कभी पारिभाषिक शब्दों के रूप में ।

सामान्य शब्द को आसानी से पहचाना जा सकता है किन्तु अर्ध-पारिभाषिक शब्द को उसकी विशिष्टताओं तथा विशेष ज्ञान की स्पष्टताओं के द्वारा पहचाना जा सकता है । माया, विपदा, वेदना, क्रिया, सृजन, आपत्ति, रस, अर्थ आदि ऐसे अनेक शब्द हैं जो अर्ध-

पारिभाषिक शब्द-वर्ग में आते हैं । विश्व की भाषाओं में इस प्रकार के शब्दों की संख्या काफी मात्रा में विद्यमान रहती है ।

३. **पारिभाषिक शब्द** – पारिभाषिक शब्द को 'तकनीकी शब्द' भी कहा जाता है । वस्तुतः 'टेक्निकल टर्मिनालॉजी' के पर्याय के रूप में हिन्दी में 'पारिभाषिक शब्दावली' अथवा 'तकनीकी शब्दावली' का प्रयोग एक ही अर्थ में किया जाता है । विख्यात कोशकार डॉ. रघुवीर ने 'कम्प्रेहेन्सिव डिक्शनरी ऑफ इंग्लिश-हिन्दी' में पारिभाषिक शब्द की व्याख्या देते हुए लिखा है – "पारिभाषिक शब्द किसको कहते है, जिसकी परिभाषा की गई । पारिभाषिक शब्द का अर्थ है जिसकी सीमाएँ बाँध दी गई हों । जिन शब्दों की सीमा बाँध दी जाती है वे पारिभाषिक शब्द हो जाते हैं और जिनकी सीमा नहीं बाँधी जाती वे साधारण शब्द होते हैं ।" पारिभाषिक शब्दों का सम्बन्ध ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों से है और उनकी परिधि निश्चित अर्थात् परिभाषित (Defined) रहती है तथा विषय-पल्लवन की प्रक्रिया में इनका विशिष्ट स्थान रहता है । ज्ञान विशेष में इन शब्दों का अर्थ होता है । अतः विषय-विशेष में इन शब्दों की सहायता से स्पष्ट तथा एकार्थक अभिव्यक्ति संभव होती है । अधिकांश पारिभाषिक शब्द अर्थ-संकोच से बनाये जाते है जो जटिल विचारों को सांकेतिक रूप में अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं । विभिन्न प्रकार के विज्ञानी शास्त्रीय सिद्धान्तों का निरूपण करते हैं जिन्हें सर्वसामान्य बोलचाल की भाषा में व्यक्त नहीं किया जा सकता । फलतः इस प्रकार की शास्त्रीय सिद्धान्तों की अभिव्यक्ति हेतु विशिष्ट 'मानक' (Standard) शब्दों का प्रयोग अनिवार्य हो जाता है । यही पारिभाषिक शब्द हैं और यहीं से पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाती है । पारिभाषिक शब्दों के अंतर्गत मानविकी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कार्यालयी, प्रशासन, अंतरिक्ष, कंप्यूटर तथा दूरसंचार आदि क्षेत्र आते हैं ।

दूसरा अध्याय

हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली का विकास : विभिन्न आयाम

२.१ पारिभाषिक शब्दावली का महत्व

किसी भी स्वतंत्र देश की उसकी निजी भाषा के लिए पारिभाषिक शब्दावली महत्वपूर्ण है । खासकर भारतवर्ष में बहुसंख्यकों की भाषा हिन्दी के लिए तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है । हमारे देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उदय एवं विकास के साथ उसकी सटीक तथा सार्थक अभिव्यक्ति हेतु हिन्दी के प्रयोजनमूलक के रूप में उसकी तकनीकी शब्दावली की नितान्त ज़रूरत महसूस की गई है । फलतः हिन्दी में विज्ञान, प्रशासन एवं टेक्नोलॉजी से संबन्धित पारिभाषिक शब्दावली का विकास एवं प्रचलन हुआ । इसके कारण हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली कई क्षेत्रों में अनिवार्य तत्व के रूप में बन गया । इस अर्थ में प्रयोजनमूलक हिन्दी के प्रशासन, जनसंचार, कंप्यूटर तथा प्रौद्योगिकी आदि कई क्षेत्रों में प्रयुक्ति के उपकरण के रूप में पारिभाषिक शब्दावली का महत्व बढ़ गया है ।

हिन्दी, सरकार और जनता के बीच एक अत्यंत महत्वपूर्ण कडी है । सरकारी नीतियों, संकल्पों एवं अधिसूचनाओं को आम जनता तक पहूँचने का माध्यम राजभाषा हिन्दी है । सुचारु ढंग से भाषा का उपयोग करने के लिए पारिभाषिक शब्दावली का महत्व देना ही चाहिए । क्योंकि पारिभाषिक शब्द सरल है । साथ ही साथ पारिभाषिक शब्द का अर्थ सुनिश्चित, नियत, सुबोध तथा स्पष्ट भी होता है ।

२.२ हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली का विकास

हिन्दी में तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली विगत दो-तीन दशकों से प्रचलित

है । केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार समिति ने सन् १९४० में हुए पाँचवें अधिवेशन में तकनीकी तथा वैज्ञानिक शब्दावली पर विचार विमर्श करते हुए सिफारिश की थी कि जहाँ तक संभव हो अंतर्राष्ट्रीय शब्दावली को भारतीय अर्थात् हिन्दी वैज्ञानिक शब्दावली में सम्मिलित कर लेना चाहिए । इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया था । तदुपरांत १९४८ में 'अखिल भारतीय शिक्षा परिषद' ने निर्णय लिया कि –

(१) अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में प्रयुक्त होनेवाले शब्द, यथासंभव ग्रहण किए जाएँ, किन्तु जो शब्दावली अंतर्राष्ट्रीय नहीं है, उनके लिए भारतीय भाषाओं के शब्द अपनाएँ जाएँ ।

(२) सभी आधुनिक भारतीय भाषाओं की वैज्ञानिक शब्दावली का कोश बनाने के लिए केन्द्रीय सरकार एक बोर्ड का गठन करें । उसमें भाषा-शास्त्री तथा वैज्ञानिकों को लिया जाए ।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के बारे में जो अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हुई थीं, उनपर डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय आयोग (जो १९४८ में स्थापित हुआ था) ने भी विचार-विमर्श करते हुए निम्नलिखित सिफारिशें की थी –

(१) अंतर्राष्ट्रीय पारिभाषिक और वैज्ञानिक शब्दावली को अपना लिया जाए, दूसरी भाषाओं की ध्वनि प्रणाली के अनुरूप बना लिया जाए और उनका वर्ग-विन्यास भारतीय लिपियों के ध्वनि-संकेतों के अनुसार निश्चित कर लिया जाए ।

(२) राजभाषा और प्रादेशिक भाषाओं को विकास करने के लिए तत्काल कार्यवाही की जाए ।

इन सिफारिशों तथा किए गए संकल्पों आदि को दृष्टिगत रखते हुए वैज्ञानिक

तथा तकनीकी शब्दावली के निर्माण के लिए भारत सरकार ने शिक्षा मंत्रालय के अधीन सन् १९५० में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली बोर्ड के तत्वावधान में तकनीकी शब्दावली के बारे में बहुत ठोस कार्य आरंभ किये गये ।

हिन्दी में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली निर्माण के लिए सन् १९६० का वर्ष एक युग के निर्माण का वर्ष साबित हुआ । १९५५ में गठित 'संसदीय राजभाषा समिति' की सिफारिशों को मानते हुए भारत के राष्ट्रपति ने सन् १९६० में एक आदेश निकाला । इस आदेश के अनुसार भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन १९६१ में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग' की स्थापना की गई । इस आयोग को निम्नांकित कार्यभार सौंपा गया –

(अ) राष्ट्रपति के १९६० के आदेश में उल्लिखित सिद्धांतों के आधार पर वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के क्षेत्र में तब तक किए गए कार्य का पुनरीक्षण ।

(आ) हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं की वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के समेकन और निर्माण से संबन्धित सिद्धांतों का प्रतिपादन ।

(इ) विभिन्न राज्यों की सहमति से या उनके निर्देशों पर राज्यों के विभिन्न अभिकरणों द्वारा वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली के क्षेत्र में किए गए कार्यों का समन्वय । संबनिधत अभिकरणों द्वारा प्रस्तुत हिन्दी अथवा अन्य भारतीय भाषाओं की शब्दावलियों के प्रयोग-व्यवहार के लिए अनुमोदन ।

(ई) आयोग द्वारा निर्मित या अनुमोदित शब्दावली के आधार पर मानक पाठ्यपुस्तकों का लेखन, वैज्ञानिक एवं तकनीकी कोशों का संकलन तथा विदेशी भाषाओं में उपलब्ध वैज्ञानिक पुस्तकों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद ।

इन उद्देश्यों की पूर्ति में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग अत्यन्त सफल रहा है । इस आयोग में विभिन्न आधुनिक भारतीय भाषाओं के भाषाविदों के अतिरिक्त लब्धप्रतिष्ठ विद्वान, यूरोपीय भाषाओं के भाषा, भाषी, प्राध्यापक आदि सम्मिलित किये गये थे । हिन्दी मानक वर्तनी आदि के साथ पारिभाषिक तथा तकनीकी शब्दावली के भाषा वैज्ञानिक स्वरुप पर विचार-विमर्श करने के लिए अलग संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया था । हिन्दी भाषा की प्रारंभिक स्थिति को देखते हुए यह कार्य अत्यन्त जटिल और कठिन था, परन्तु आयोग ने पूरी कर्तव्य-निष्ठा का परिचय देते हुए उसे सफलतापूर्वक किया ।

अब तक भौतिकी, प्राणि-विज्ञान, गणित, भूगोल, भूविज्ञान, वनस्पति-विज्ञान, रसायन-विज्ञान, अनुप्रयुक्त विज्ञान, मानविकी, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाजविज्ञान आदि के साथ प्रशासनिक एवं विभागीय शब्दावलियों का निर्माण एवं प्रकाशन इस आयोग के द्वारा किया गया है । इसके अलावा विविध विषयों से संबन्धित बृहत् पारिभाषिक शब्द संग्रह के अनेक खण्डों में प्रकाशित किया गया है ।

२.३ पारिभाषिक शब्दावली के विकास के विभिन्न आयाम

पारिभाषिक शब्दावली का विकास एक महत्वपूर्ण बात ही है । अब सभी क्षेत्रों में वह शब्द लागू किया जा रहा है । स्थूल और सूक्ष्म, स्पष्ट और व्यक्त रूप से शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है । अब पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग प्रचलित है । उसकी विकास यात्रा पहले से अब तक गंभीर से ही चलता है । इस तरह के विभिन्न आयामों पर गुज़रना ही मनोरंजन की बात है । इसके लिए दो तरह की शब्दों के बारे में भी जानकारी ज़रुरी है ।

प्रत्येक विशिष्ट भाषा में दो तरह के शब्द होते हैं एक तो सामान्य शब्द और

दूसरे तो पारिभाषिक शब्द । पारिभाषिक शब्द के लिए निश्चित, सरल और व्यक्त परिभाषा होती है, लेकिन कुछ शब्द ऐसे होते है, जो सामान्य शब्द के रूप में भी और पारिभाषिक शब्द के रूप में भी प्रयोग करते है । सामान्य शब्द जिनका प्रयोग समाज में सामान्य व्यवहार-विषयक बातों की अभिव्यक्ति के लिए होता है तो पारिभाषिक शब्द जो सामान्य व्यवहार की भाषा के शब्द न होकर ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे - रसायन, भौतिकी, गणित, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान आदि के होते है । सामान्य और पारिभाषिक शब्द दोनों में प्रयुक्त कुछ शब्द हैं – अधिकारी - Officer, पत्र -letter, आवेदन - Application, नियम -rule, नाम - name, व्यय - expenditure, विकास - development, भाग - part, सेवा - service आदि ।

२.४ पारिभाषिक शब्दावली कोश

पारिभाषिक शब्दों के विकास के अंतर्गत पारिभाषिक शब्द कोशों की प्रभाव काफी प्रधान होती है । इसके लिए कोश परंपरा के बारे में भी जानना ज़रूरी है । डॉ. भोलानाथ तिवारी के शब्द में कहे तो हिन्दी के कोशों की परंपरा तो काफी प्राचीन है । 'ख़ालिक बारी' को यदि अमीर खुसरो की कृति मान लें तो हिन्दी कोशों की शुरुआत १४वीं सदी से मानी जा सकती है, किन्तु हिन्दी के पारिभाषिक कोशों की परंपरा काफी बाद की है । यों तो मध्यकाल में सर्वप्रथम शिवाजी ने रघुनाथ पंत से राजकाज विषयक पारिभाषिक शब्दों का 'राजकोश' नाम का एक कोश बनवाया था, जिसमें लगभग डेढ़ हज़ार शब्द थे, किन्तु उसे मात्र हिन्दी कोश नहीं कहा जा सकता । हिन्दी में पारिभाषिक शब्दों की समस्या की ओर ध्यान १८०० के आसपास गया । १८०९ ई. में अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद करने के लिए इंग्लैंड में एक 'ट्रांसलेशन सोसायटी' स्थापित हुई थी । उसने कुछ काम भी किया, किन्तु वह विशेष आगे न

बढ़ सका । इस दिशा में प्रथम नाम रोबक का लिया जा सकता है जिन्होंने १८११ में नौ-विज्ञान के पारिभाषिक शब्दों का एक अंग्रेज़ी - हिन्दी कोश (An English and Hindustanee Naval Dictionary of Technical terms and Sea phrases) प्रकाशित किया । आगे चलकर १८४३ ई. के लगभग डॉ. बैलनटाइन ने भारतीय भाषाओं के लिए वैज्ञानिक शब्दावली की समस्या पर गहराई से विचार किया । वे भारतीय शब्दावली के पक्षपाती थे । उन्होंने रसायन-शास्त्र के एक संदर्भ ग्रंथ का हिन्दी में अनुवाद करने के लिए अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दावली की समानार्थी हिन्दी शब्दावली संस्कृत का आधार लेते हुए बनाई तथा अनुवाद में उसी का प्रयोग किया ।[1]

२.५ पारिभाषिक शब्दावली - स्वतंत्रता के पूर्व की विकास यात्रा

पारिभाषिक शब्दावली का विकास स्वतंत्रता के पूर्व ही शुरु हुई थी, लेकिन इनके विकास क्रमों के आयाम निर्णय करना उतना आसान कार्य नहीं होगा । फिर भी इन आयामों पर गुज़रना रोचक बात है । कहते है कि १८०९ ई. में इंग्लैण्ड में हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली से संबन्धित ‘ट्रान्सलेशन सोसाइटी’ (Translation Society) द्वारा एक छोटे से प्रयास का पता चलता है । भारत पर छत्रपति शिवाजी की प्रेरणा से ‘राजकोश’ ग्रंथ में १५०० पारिभाषिक शब्दावली बनाकर इनका बुनियाद स्थापित किया । फोर्ट विलियम कॉलेज के मुंशी लल्लू लाल जी १८६७ ई. में ३५०० से ऊपर हिन्दी शब्दों की सूची बनायी थी । डॉ. रामविलास शर्मा, डॉ. माधव सोनटक्के, डॉ. बलराज सिरोही आदि लोगों ने भी स्वतंत्रता के पूर्व पारिभाषिक शब्दावली के लिए कुछ काम किये । गुलामी भारत में ही हिन्दी-उर्दु के साधारण जानकारी के लिए सन् १८७९ ई. में एक महत्वपूर्ण पारिभाषिक शब्द संग्रह सामने आया ।

---

1. भाषा - मार्च-जून १९८३

हिन्दी भाषा को पारिभाषिक शब्दावली की देन में, हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकारों का योगदान मुगलों के ज़माने से ही रहा था । सन् १८९८ ई. में नागरी प्रचारिणी सभा काशी में महामहोपाध्याय पंडित सुधाकर द्विवेदी, सरस्वती के पहले संपादक और पारिभाषिक शब्दावली कोश तैयार करने वाले बाबु श्यामसुन्दर दास, गंगानाथ झा, लाला खुशी राम, बाबू भगवती सहाय, पंडित विनायक राव, महावीर प्रसाद द्विवेदी आदि के सहयोग से अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दों के पर्याय बनाने का कार्य संपन्न हुआ । डॉ. शिवगोपाल मिश्र के अनुसार "सरस्वती और उसके बाद विशाल भारत, माधुरी, सुधा तथा वीणा जैसी शुद्ध साहित्यिक पत्रिकाओं के संपादकों की व्यापक दृष्टि तथा समाज में विज्ञान की आवश्यकता की स्वीकृति का ही यह परिणाम था कि इन पत्रिकाओं में इस काल के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने भी विज्ञान पर लेखनी चलाई ।"[1] चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, लक्ष्मीधर वाजपेयी, लल्ली प्रसाद पाण्डेय, रामदहिन मिश्र जैसेसाहित्यकारों ने भी विज्ञान विषयों पर लेख लिखे । विशाल भारत हिन्दी अँचल से दूर कलकत्ता से प्रकाशित होनेवाली मासिक पत्रिका थी, जिसके संपादक पं. बनारसीदास चतुर्वेदी थे । वे भी विज्ञान लिखनेवालों को लगातार प्रश्रय देते रहे । उपेन्द्रनाथ अश्क तथा पंडित राहुल सांकृत्यायन ने भी विज्ञान पर लेख लिखे । इसी प्रकार लखनऊ से प्रकाशित माधुरी में मिश्रबन्धु तथा सुधा में भी रामशर्मा, चतुरसेन शास्त्री, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला आदि ने भी वैज्ञानिक निबन्ध लिखे । वीणा (इन्दौर) के अतिरिक्त हिन्दी, प्रदीप, मर्यादा, चाँद, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, हिन्दुस्तानी सम्मेलन पत्रिका में वैज्ञानिक लेख छपते रहे । गणना करने पर १९०० से १९५० की अवधि में सरस्वती में कुल २२९, विशाल भारत में २०४, वीणा में १२९, माधुरी में ४६ और सुधा में ५० लेख छपे, जिनके लेखकों की संख्या क्रमशः १६०,

---

1. अक्षर पर्व - मासिक पत्रिका - पृ. २२

१३८, ७९, ४३ है । इनके अतिरिक्त इसी समय के आसपास हिन्दी में वैज्ञानिक लेखन और स्फुट रुप में पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में यत्र-तत्र सहायता करनेवाले लेखकों में – लक्ष्मीशंकर मिश्र, डॉ. एस.एम. नेहरु, डॉ. वामन राव कोकटनूर, महेश शरणसिन्हा, पाण्डुरंग खान खोजे, दुर्गाशंकर नागर, लज्जाशंकर झा, रमेश बेदी, डॉ. सत्यप्रकाश, महावीर प्रसाद श्रीवास्तव, रामदास गौड़, डॉ. प्रसाद, कुँवर सुरेश सिंह तथा जगन्नाथ थे । स्वतंत्रता के पूर्व पारिभाषिक शब्दावली का विकास बहुत धीमी गति से चल रही थी । सन् १९०१ ई. में विभिन्न प्रान्तों के विद्वानों के सहयोग से 'हिन्दी सांइटिफिक ग्लोसरी' (Hindi Scientific Glossary) नामक एक महत्वपूर्ण पारिभाषिक कोश का निर्माण हुआ । कालान्तर में सन् १९३२ ई. में राजस्थान के अजमरे जनपद निवासी श्री सुखसंपत राय भण्डारी का पारिभाषिक शब्दावली से संबन्धित एक चर्चित ग्रंथ 'ट्वेन्टिएथ सेन्चुरी इंग्लिश-हिन्दी डिक्शनरी' (Twentieth Century English-Hindi Dictionary) का प्रकाशन हुआ । कुछ समय के बाद महापंडित राहुल सांकृत्यायन के प्रधान संपादकत्व में हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग ने १९४६ ई. में प्रशासनिक, संसदीय और विधि संबन्धी तकनीकी शब्दों का एक कोश प्रकाशित किया । लेकिन इसी बीच १९४० ई. के आसपास पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण के संदर्भ में सरकारी स्तर पर गोष्ठियों का सिलसिला शुरु हुआ । नई समितियों का गठन हुआ । डॉ.दंगल झालटे कहते हैं कि "केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार समिति ने सन् १९४० ई. में पाँचवें अधिवेशन में तकनीकी तथा वैज्ञानिक शब्दावली पर विचार-विमर्श करते हुए सिफारिश की थी कि जहाँ तक संभव हो, अंतर्राष्ट्रीय शब्दावली को भारतीय के (भारतीय अर्थात् हिन्दी) वैज्ञानिक शब्दावली में सम्मिलित कर लेना चाहिए ।"[1] इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया था । तदुपरान्त १९४८ ई.

---

1. प्रयोजनमूलक हिन्दी : सिद्धांत और प्रयोग – डॉ. दंगल झलटे – पृ. ८५-८६

में 'अखिल भारतीय शिक्षा परिषद्' ने निर्णय लिया कि –

(अ) अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाले शब्द, यथासंभव ग्रहण किए जाएँ, किन्तु जो शब्दावली अंतर्राष्ट्रीय नहीं हैं, उनके लिए भारतीय भाषाओं के शब्द अपनाएँ जाएँ ।

(आ) सभी आधुनिक भाषाओं की वैज्ञानिक शब्दावली का कोश बनाने के लिए केन्द्रीय सरकार एक बोर्ड का गठन करे । उसमें भाषाशास्त्री तथा वैज्ञानिकों को लिया जाय । वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के बारे में जो अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हुई थी, उनपर डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में 'विश्वविद्यालय आयोग' (जो १९४८ में स्थापित हुआ) ने भी विचार विमर्श करते हुए निम्नलिखित सिफारिशें की थीं –

(क) अंतर्राष्ट्रीय पारिभाषिक और वैज्ञानिक शब्दावली को अपना लिया जाय, दूसरी भाषाओं से आये हुए शब्द आत्मसात् कर लिये जाये, उन्हें भारतीय भाषाओं को ध्वनि प्रणाली के अनुरुप बना लिया जाय और उनका वर्ग-विन्यास भारतीय लिपियों के ध्वनि संकेतों के अनुसार निश्चित कर लिया जाय,

(ख) राजभाषा और प्रादेशिक भाषाओं को विकसित करने के लिए तत्काल कार्यवाही की जाय । डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार डॉ. शतिस्वरूप भटनागर और डॉ. बीरबल साहनी जैसे कई विशिष्ट वैज्ञानिकों ने भी इस निश्चय का समर्थन किया था ।[1]

२.६ पारिभाषिक शब्दावली - स्वतंत्रता के बाद की विकास यात्रा

१९४७ में देश स्वतंत्र हुआ । स्वतंत्रता के तुरन्त पश्चात पारिभाषिक शब्दावली में कोई बदलाव नहीं आयी । देश में नया राष्ट्रीयता का बोध पैदा हुआ । इसका

1. अनुवाद विज्ञान – डॉ. भोलानाथ तिवारी – पृ. २२५

फलस्वरुप देश की अन्य क्षेत्रों में सरकार ने देशी भाषाओं के विकास पर ध्यान देना शुरु किया ।

भारत के स्वतंत्र होने के बाद संविधान में राजभाषा संबन्धी मान्यताओं के प्रावधान होते ही, सरकार ने यह महसूस किया है कि विभिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं द्वारा तरह-तरह की शब्दावलियाँ तैयार होकर उनका सहज होने के बदले कृत्रिम होता गया । यही नहीं, विविध क्षेत्रों में प्रकाशित और प्रचलित शब्दावलियों में एकरुपता नहीं रही, जो अर्थ व्यंजना, व्यावहारिक प्रयोग, राष्ट्रीय ग्राह्यता और अनुवाद की दृष्टि से शब्दावली के विकास में तथा राजभाषा हिन्दी के प्रयोग में घातक बनेगी, भविष्य में यह बुरा प्रभाव होगी । इसलिए सन् १९५२ में भारत सरकार ने अनेक बैठकों और सम्मलनों का आयोजन करने के बाद शब्दावली के निर्माण हेतु सिद्धान्तों और उनके पुनर्विचार व समन्वय पर दृष्टि डाली । इस अवसर पर भारत के संविधान निर्माताओं का ध्यान देश की सभी भाषाओं के विकास की ओर गया । संविधान में हिन्दी को संघ की राजभाषा के रुप में मान्यता दी गई और केन्द्रीय सरकार का यह दायित्व सौंप गया कि वह हिन्दी का विकास प्रसार करे एवं उसे समृद्ध करे । तदनुसार भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने संविधान के अनुच्छेद ३५१ के अधीन हिन्दी के विकास एवं समृद्धि की अनेक योजनाएँ आरंभ कीं । इन योजनाओं में हिन्दी में तकनीकी शब्दावली के निर्माण का कार्यक्रम भी शामिल किया गया ताकि ज्ञान-विज्ञान की सभी शाखाओं में हिन्दी के माध्यम से अध्ययन एवं अध्यापन हो सके । शब्दावली निर्माण कार्यक्रम को सही दिशा देने के लिए १९५० में शिक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में वैज्ञानिक शब्दावली बोर्ड की स्थापना की गई ।[1]

---

1. वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग : प्रगति एवं उपलब्धियाँ – मानव संसाधन विकास मंत्रालय

१९५० ई. में केन्द्र सरकार ने शब्दावली निर्माण के तहत जिस 'वैज्ञानिक शब्दावली बोर्ड' की स्थापना की थी, वह शुरू में शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत हिन्दी एकक के अधीन था किन्तु बाद में विभिन्न विषयों की हिन्दी शब्दावली का निर्माण करने के दौरान यह ज्ञात हुआ कि यह काम बहुत ही अधिक विशाल, गहन और बहुआयामी है । इसके पूरे होने में बहुत समय लगेगा और इस कार्य के लिए सभी विषयों के विशेषज्ञों एवं भाषाविदों की आवश्यकता होगी । अतः भारत सरकार ने १ अक्टूबर, १९६१ को प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. डी. एस. कोठारी की अध्यक्षता में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना की ताकि शब्दावली निर्माण का यह कार्य सही एवं व्यापक परिप्रेक्ष्य में कार्यान्वित किया जा सके । सच तो यह है कि विभिन्न विषयों की तकनीकी शब्दावली का निर्माण सन् १९५० से ही शिक्षा मंत्रालय के हिन्दी एकक में शुरू हो गया था । मंत्रालय ने विविध विषयों की अनेक आरंभिक और अनंतिम शब्दावलियाँ छापीं और उन्हें निःशुल्क विश्वविद्यालयों आदि के प्राध्यापकों को वितरित किया । इसके बाद अनेक विषयों की अंतिम रूप से स्वीकृत शब्दावली भी अलग अलग छापी गयी । सन् १९६२ ई. में इन सभी शब्दों को एकत्र कर पारिभाषिक शब्द संग्रह के नाम से पहली बार छापा गया । इस शब्द संग्रह में लगभग ९००० शब्द थे । शब्दावली आयोग की स्थापना के बाद इस कार्य में बहुत गति आई । तब से आयोग ने विभिन्न विषयों की शब्दावलियों को अनेक शब्द संग्रहों के रूप में प्रकाशित किया है । अब तक कुल लगभग ३५ शब्द-संग्रह या शब्दावलियाँ छापी जा चुकी हैं, जिनमें कुल-मिलाकर लगभग ५.२५ लाख तकनीकी शब्दों के हिन्दी पर्याय दिए गए हैं । इनमें से कुछ प्रमुख शब्द-संग्रह इस प्रकार है –

(१) बृहत पारिभाषिक शब्द-संग्रह विज्ञान, दो खण्ड (शब्द संख्या १.३० लाख, पृ. २६५८)

(२) बृहत पारिभाषिक शब्द-संग्रह : मानविकी, दो खण्ड (शब्द संख्या ८५००, पृ. १३००)

(३) इंजीनियरी शब्दावली (तीन संग्रह पृ. ९००)

(४) आयुर्विज्ञान शब्दावली (शब्द संख्या ५००   पृ. ७००)

उपर्युक्त शब्दावलियों या शब्द संग्रहों के साथ-साथ आयोग ने कृषि, पशु-चिकित्सा, कंप्यूटर विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, धातु कर्म, परमाणु ऊर्जा, खनन इंजीनियरी, रसायन इंजीनियरी, इलेक्ट्रौनिकी, लोक प्रशासन आदि विषयों के शब्द-संग्रह भी प्रकाशित किए हैं । इस आयोग ने ज्ञान-विज्ञान की लगभग सभी आधुनिकतम शाखाओं की अधिकांश शब्दावलियों के हिन्दी पर्याय बना दिए हैं ।

जैसे कि ऊपर जिक्र किया गया है हिन्दी भाषा को पारिभाषिक या कामकाजी शब्दावली की देन में हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकारों का योगदान मुगलों के ज़माने से ही रहा था । स्वतंत्रता के साथ, भारत सरकार द्वारा जब शब्दावली आयोग का गठन किया गया तब साहित्य, विज्ञान, मानविकी आदि कार्यक्षेत्रों के प्रकांड विद्वानों को आयोग के सदस्य बना दिया गया और उनके कर्मनिष्ठ प्रयासों की वजह से ही, अब हिन्दी में कार्यालयीन कामकाज के लिए पारिभाषिक शब्दावली का भण्डार उपलब्ध हुआ है ।

राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन और उसके प्रयोग को एक अभियान के रूप में स्वीकार कर भारत सरकार की ओर से आधारभूत कार्यवाई हुई, उसमें पारिभाषिक या कामकाजी शब्दावली का निर्माण व मुद्रण भी है । भारतीय अनुवाद परिषद् की 'अनुवाद' नामक पत्रिका से पारिभाषिक शब्दावली की जानकारी हमें मिलते हैं । सभी क्षेत्रों में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग सुचारु रुप से चलाने के लिए वर्गीकृत शब्दावलियों के निर्माण की आवश्यकता पडी है । तदर्थ वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग एवं विधि शब्दावली आयोग ने

प्रशंसनीय प्रयास किए । नये-नये पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण सदा होता रहा है । शब्दावली की संरचना में समय-समय पर परिवर्तन हो रहे हैं । नये-नये शब्दों का आविष्कार भी होता रहा है । पारिभाषिक शब्दों के प्रयोग में किसी भी अभिव्यक्ति को अनेक अर्थों में नहीं कर सकते, उससे एक ही अर्थ अपेक्षित है । इसी प्रकार शब्दावली के प्रयोग में भी, अमुक शब्द का प्रयोग अमुक अर्थ में ही होता है और होना भी चाहिए ।

भाषा विकासशील होने के कारण उसका पुराना रूप तो रहता ही है, परन्तु उसमें सुधार होकर उसका संशोधित रूप भी समय-समय पर विकसित होता रहता है और उसी प्रकार उसके शब्द भी । यही परिवर्तन पारिभाषिक शब्दावली के विभिन्न आयामों पर गुज़रते है ।

२.७ पारिभाषिक शब्दावली के विकास की गति : एक विश्लेषण

स्वतंत्रता के पूर्व और स्वतंत्रता के बाद की पारिभाषिक शब्दावली पर परख करते समय हमें ऐसा लगा है कि आज पारिभाषिक शब्दावली तीव्र गति प्राप्त हो चुका है । अभी विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जानेवाले विषयों के साथ-साथ आयोग विभिन्न सरकारी विभागों के अनुरोध पर उन विभागों की तकनीकी शब्दावली के हिन्दी पर्यायों के निर्माण का भी कार्य करता है । विभागीय शब्दावलियों में अब तक डाकतार शब्दावली, रेलवे शब्दावली, रक्षा शब्दावली, वैमानिकी शब्दावली, वानिकी शब्दावली, मौसम विज्ञान शब्दावली, स्वास्थ्य भौतिकी शब्दावली आदि का प्रकाशन किया जा चुका है । दूरसंचार शब्दावली (१५००० शब्द) का निर्माण भी पूरा हो गया है । विभिन्न विभागों से हिन्दी पर्यायों के लिए तकनीकी शब्दों की सूचियाँ आयोग में समय-समय पर प्राप्त होती रहती हैं । प्रारंभ में आयोग ने अलग-अलग विषयों की शब्दावलियों छापी थीं । काफी शब्दों के निर्माण के बाद उन्हें विषय समूहवार बृहत् शब्द-संग्रहों

के रूप में छापा गया । विज्ञान के शब्दों को एक संकलन में और मानविकी के शब्दों को अन्य संकलन में छापा गया । बाद में इंजीनियरी, आयुर्विज्ञान, कृषि, पशु-चिकित्सा, लोक-प्रशासन, रक्षा, वाणिज्य, कम्प्यूटर-विज्ञान, अन्तरिक्ष-विज्ञान, मुद्रण इंजीनियरी, धातु कर्म आदि के विषयों के अनुसार इन्हें अलग-अलग भी छापा गया । वस्तुतः अनेक वैज्ञानिक, लेखक और प्राध्यापक अपने-अपने विषय की अलग-अलग शब्दावली की माँग काफी समय से करते रहे हैं, ताकि वह उन्हें कम मूल्य में ही प्राप्त हो जाय । तदनुसार अब आयोग अपनी एक योजना के अंतर्गत विषयवार शब्दावलियाँ ही परिवर्धित रूप में प्रकाशित कर रहा है । इनमें से अनेक संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं । इनमें गणित, भौतिकी, गृहविज्ञान, रसायन, इंजीनियरी, भूगोल, खनन एवं भूविज्ञान, संरचनात्मक भूविज्ञान एवं विवर्तनिकी शामिल हैं ।

हिन्दी भाषा को पारिभषिक या कामकाजी शब्दावली की देन में, हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकारों का योगदान मुगलों के ज़माने से ही रहा था । स्वतंत्रता के साथ, भारत सरकार द्वारा जन शब्दावली आयोग का गठन किया गया तब साहित्य, विज्ञान, मानविकी आदि कार्यक्षेत्रों के प्रकांड विद्वानों के आयोग के सदस्य बना दिया गया और उनके कर्मनिष्ठ प्रयासों की वजह से ही, अब हिन्दी में कार्यालयीन कामकाज के लिए पारिभाषिक शब्दावली का भण्डार उपलब्ध हुआ है ।

राष्ट्रपति के आदेशों से पहले ही शिक्षा मंत्रालय के प्रारंभिक हिन्दी प्रभाग ने रेलवे एवं डाक तार इत्यादि केन्द्रीय सरकारी विभागों में सामान्यतया प्रयुक्त होनेवाले कामकाजी शब्दों के हिन्दी पर्यायवाची शब्दों की सूची देते हुए, छोटी-छोटी पुस्तिकाओं / कर-पत्रों को प्रकाशित किया था । तदुपरांत शिक्षा मंत्रालय द्वारा हिन्दी के महाकवि रामधारी सिंह दिनकर

की अध्यक्षता में मानविकी एवं समाज-विज्ञानों की शब्दावली के समन्वय हेतु एक पुनरीक्षण एवं समन्वय समिति का गठन किया गया था । राष्ट्रपति के उपर्युक्त आदेश के फलस्वरूप हिन्दी में कामकाज होने की दिशा में निम्नोक्त आधारभूत कार्रवाई हुई :

■ वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के निर्माणहेतु शिक्षा मंत्रालय के अधीन विविध क्षेत्रों के विद्वानों को सदस्यों के रूप में लेकर वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन किया गाय ।

■ सांविधिक नियमों, विनियमों और आदेशों के अतिरिक्त मैनुअलों तथा कार्यविधि साहित्य के अनुवाद के लिए गृह मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना की गई और अनुवाद कार्य तथा उसकी ग्राह्यता में एकरूपता लाने की दृष्टि से अनुवाद का सारा काम उसीको सौंपा गया । इससे संबंधित नीति के अनुसार उल्लिखित साहित्य का हिन्दी में अनुवाद सरकारी कार्यालय संगठन स्वयं नहीं करेंगे, इसी ब्यूरो को भेजेंगे । यह ब्यूरो ऐसे साहित्य का अनुवाद हिन्दी में करके, फिर संस्थाओं को भेजेगा । अनुवाद में प्रशिक्षण का काम भी इसी ब्यूरो को सौंपा गया । इसी प्रकार विधि शब्दावली की संरचना का काम अलग से विधि मंत्रालय के राजभाषा (विधायी) आयोग को सौंपा गया ।

■ हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान न रखनेवाले कर्मचारियों को हिन्दी का प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ (प्राथमिक, माध्यमिक और मेट्रिक स्तर) – तीन स्तरों के पाठ्यक्रमों द्वारा हिन्दी शिक्षण की योजना बनाई गई । इन पाठ्यक्रमों को आगे चलकर अधिक राजभाषापरक बनाया गया ।

■ हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों के लिए हिन्दी में कार्य करने की कुशलता

दिलाने के लिए कार्यशालाओं को चलाने के अनुदेश भी सभी सरकारी कार्यालयों को दिए गए।

■ केन्द्रीय सरकारी कार्यालय के व्यापक अर्थ को स्पष्ट करते हुए, ऐसे भी आदेश जारी किए गए कि केन्द्रीय सरकारी कार्यालय का अर्थ केन्द्रीय सरकारी उपक्रम, उद्यम, निगम, समवाय, स्वायत्त निकाय इत्यादि से भी है । उन पर भी राजभाषा संबंधी सभी आदेश-अनुदेश एक समान लागू होंगे ।

■ राजभाषा कार्यान्वयन की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय के अधीनस्थ राजभाषा विभाग को सौंपी गई ।

२.८ पारिभाषिक शब्दावली : डॉ. रामविलास शर्मा और श्री आर.पी. नायक का मत या घोषणा

केन्द्र सरकार के महत् कार्य के बारे में हम देख्र चुके हैं । केन्द्र सरकारों की संभावना बहुत महत्वपूर्ण है । यह पारिभाषिक शब्दावली के विकास की तीव्रता है । उसकी ओर प्रशंसा करते हुए सुप्रसिद्ध भाषा-चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने कहा था कि “भारत सरकार ने सांस्कृतिक क्षेत्र में अब तक जो कुछ गोडा और बोया है, उसकी श्रेष्ठ उपज है -पारिभाषिक शब्द-संग्रह ।”[1] विकास का यह अद्वितीय कार्य संपन्न करने के बाद भी हिन्दी भारत की राजभाषा न बनी, इसके लिए भारत सरकार को दोष नहीं दिया जा सकता । पारिभाषिक शब्द-संग्रह की भूमिका में शिक्षा मंत्रालय की ओर से श्री. आर. पी. नायक ने गर्व के साथ घोषित किया कि – “It brings together practically all the terms that have been evolved under

---

1. भारतेन्दु युग और हिन्दी भाषा की विकास परंपरा – डॉ. रामविलास शर्मा – पृ. २०८

its auspicious durincy a period of more them one decade and thus marks that the latest stage in its work pertaining to the evolution of terminology". दस वर्ष तक पारिभाषिक शब्दावली का निरंतर विकास करते रहने के बाद जो उपलब्धि हुई, वह इस ग्रन्थ द्वारा प्रस्तुत की गई । भारत सरकार को पता था कि अन्य संस्थाएँ और विद्वान भी इस पुण्य कार्य में लगे हुए हैं, लेकिन इनका कार्य उचित पारिभाषिक दृष्टि के अभाव में संतोषजनक नहीं था । श्री नायक के शब्दों में – "Scholars and institutions have engaged themselves in coming fresh India equivalents for English and other terms". हालाँकि भारत सरकार द्वारा प्रकाशित पारिभाषिक शब्द संग्रह की अपनी कुछ कमज़ोरियाँ भी रही है । इसमें लगभग एक शताब्दी पूर्व प्रकाशित कोशों के ढेरों शब्द, जैसे १०० शब्द फैलन (१८७९) के कोश के, १०० शब्द लल्लू लाल जी (१८१०) के कोश के तथा ३२० शब्द जान शेक्सपियर (१८४५) की पुस्तक से अर्थात् लगभग ५०० शब्द आ गये हैं । फिर उक्त कोश का यह बहुत कमज़ोर पक्ष नहीं है । केन्द्र सरकार ने इस कोश के निर्माण के समय विद्वान और सामान्य जन – इन दोनों का ध्यान रखा था । सारे भारत के विद्वानों ने वर्षों तक कठिन परिश्रम किया और उसका फल हुआ यह ग्रन्थ – "The present work in an outcome of the hard labour and effort of scholars and experts from all over the country over a long period of time".

२.९ पारिभाषिक शब्दावली के विकास में व्यक्तियों, गैर सरकारी एवं सरकारी संस्थाओं के योगदान

२.९.१ शब्दावली निर्माण के आयामों में व्यक्तियों का योगदान

अंग्रेज़ी हिन्दी कोशों की परंपरा में सर्वश्री फर्ग्यूसन, हेनरी हैरिस ,गिलक्राइस्ट,

देवीप्रसाद राय, मथुराप्रसाद राय, पुरुषोत्तम, नारायण अग्रवाल, गोपीनाथ श्रीवास्तव, डॉ. सूर्यकांत, केदारनाथ भट्ट, डॉ. सत्यप्रकाश, सुख संपत्तिराय भण्डारी, भगवानदास केला, पंडित राधाकृष्ण झा, दयाशंकर दुबे, गोपीचन्द्र सिंह, हरिहर निवास द्विवेदी, डॉ. भोलानाथ तिवारी, डॉ. नगेन्द्र, फादर कामिल बुल्के, हरिबाबू कसल, डॉ. नारायणदत्त पालीवाल आदि के प्रयास उल्लेखनीय है ।

२.९.१.१ डॉ. रघुवीर का योगदान

डॉ. रघुवीर ने सन् १९५५ में ही 'ए काम्प्रिहेन्सिव इंग्लिश - हिन्दी डिक्शनरी' का संकलन किया जिसमें सभी कार्यक्षेत्रों के सामान्य शब्दों के अतिरिक्त पारिभाषिक शब्द भी समाविष्ट है । वास्तव में डॉ. रघुवीर ने पारिभाषिक शब्द कोश का निर्माण कार्य स्वतंत्रता से पहले सन् १९४२ में ही प्रारंभ किया, परन्तु सन् १९४७ के बाद इस दिशा में तेज़ी आई । इनको मध्यप्रदेश सरकार का पूरा समर्थन भी प्राप्त हुआ । सन् १९४७-५४ की अवधि में सांख्यिकी, सरल विज्ञान, तर्कशास्त्र, वाणिज्य, अर्थशास्त्र आदि कार्यक्षेत्रों के अलग-अलग कोश बने । इस बीच सन् १९५० में डॉ. रघुवीर का 'ग्रेट इंग्लिश-इण्डियन डिक्शनरी' नामक ८० हज़ार शब्दों का बहुत बड़ा कोश प्रकाशित हुआ और उसीके परिवर्धित संस्करण भी बाद में निकले । डॉ. रघुवीर के इस कोश के सृजन से हिन्दी शब्दावली शब्दकोश परंपरा में क्रांति-सी आ गई । चूँकि इस दिशा में यह प्रारंभिक कार्य था, इस कोश में गडे गए कुछ शब्द तनिक कठिन, दुरुह और अप्रचलित भी महसूस होने लगे । इसीका दूसरा संस्करण सन् १९५० में 'ए काम्प्रिहेन्सिव इंग्लिश-हिन्दी डिक्शनरी' के नाम से प्रकाशित हुआ । यह कोश पारिभाषिक शब्द निर्माण की दिशा में एक मील का पत्थर बनकर रह गया है ।

डॉ. रघुवीर की कर्मठता से प्रसन्न होकर संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने उनको और उनके सहयोगियों को भारत के संविधान के अंग्रेज़ी मूलपाठ का हिन्दी में अनुवाद करने का बृहत कार्य सौंपा था । यही कारण है कि संविधान के हिन्दी पाठ में डॉ. रघुवीर कृत उपर्युक्त शब्दकोशों में संरचित, संकलित शब्दों का ही प्रयोग पाया जाता है । हालाँकि इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रधान भूमिका डॉ. रघुवीर की रही हैं, परन्तु संविधान की अंग्रेज़ी मूल शब्दों को हिन्दी में उतारने में उनके अष्टम अनुसूची के चौदहों भाषाओं के सहयोगियों द्वारा भी सोचे-विचारे जाने के कारण हिन्दीतर भाषाओं में भी संविधान के हिन्दी रूपान्तर को मान्यता प्राप्त हुई । इस बृहत कार्य से उन हिन्दी पारिभाषिक शब्दों को आधुनिक भारतीय भाषाओं में स्थान दिलाकर डॉ. रघुवीर ने एक बहुत बडे अभाव की पूर्ति की और पारिभाषिक शब्दों के निर्माण की दिशा में मार्ग सुगम्य कर दिया । यही नहीं, उन्होंने अपने सहयोगियों की सहायता से रेलवे, कृषि, संसदीय प्रणाली, अन्य सरकारी विभागों में प्रयुक्त होनेवाले अनेक अंग्रेज़ी शब्दों के हिन्दी समानार्थक पर्यायों की संरचना की और परवर्ती शब्द-कोशकारों के लिए मार्गदर्शक बने ।[1]

२.९.१.२ डॉ. भोलानाथ तिवारी का योगदान

डॉ. रघुवीर के बाद पारिभाषिक शब्दकोश और शब्दावली के संकलन कार्य में डॉ. भोलानाथ तिवारी ने डॉ. महेन्द्र चतुर्वेदी के सहयोग से गणनीय प्रयास किये । इनका हिन्दी-अंग्रेज़ी व्यावहारिक शब्दकोश (A Practical Hindi-English Dictionary) शब्दकोश निर्माण के क्षेत्र में एक प्रशस्त कार्य माना ज सकता है । इनमें अनेक पारिभाषिक शब्दों को लिंग, वचन

---

1. कामकाजी हिन्दी शब्द-संरचना - गणपति भोट्ल राय नारायण - पृ. ७७

विशेषों सहित, उनकी संकलन-प्रक्रिया में स्थान दिया गया, जो प्रयोक्ताओं को बहुत ही उपयोगी है । इसके अलावा डॉ. तिवारी ने डॉ. कैलाशचन्द्र भाटिया के सहयोग से शब्दावली निर्माण, संकलन के क्षेत्र में एक और प्रशंसनीय कार्य किया, वह है – अखिल भारतीय प्रशासनिक कोश का संकलन, जिसमें उन्होंने बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश आदि हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित विविध राज्य सरकारी कार्यालयों से केन्द्रीय सरकारी कर्यालयों में प्राप्त होने वाले पत्राचार में प्रयुक्त एक ही प्रशासनिक अंग्रेज़ी के अलग-अलग हिन्दी प्रदेशों में जिन-जिन हिन्दी समानार्थक शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, उनका एक कोश बनाया । यह कोश एक ओर विविध हिन्दी प्रांतों में एक ही अर्थ में प्रयुक्त होनेवाले भिन्न-भिन्न पर्यायवाची शब्दों का परिचय दिलाता है और दूसरी ओर पारिभाषिक शब्दावली की अखिल भारतीय स्तर पर एकरूपता लाने की आवश्यकता पर इंगित करता है, जिससे केवल अनुवाद की सौलश्यता के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ग्राह्यता के लिए भी कठिनाई या असुविधा महसूस नहीं होगी ।[1]

२.९.१.३ श्री हरिबाबू कंसल का योगदान

श्री हरिबाबू कंसल १९४१ से १९७९ तक अनेक मंत्रालयों, सरकारी विभागों, राजदूतावासों में सेवा करने के बाद भारत सरकार राजभाषा विभाग के उपसचिव के रूप में सेवारत रहे थे और सेवानिवृत्त होने के बाद भी राजभाषा की बहुत सेवा कर रहे हैं । वे कुछ और राजभाषा से जुड़े केन्द्रीय सरकारी अधिकारियों के प्रयासों से स्थापित केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद् के व्यवस्थापक सदस्य रहे । अपने सेवाकाल में राजभाषा अधिनियम और

---

1. कामकाजी हिन्दी शब्द-संरचना - गणपति भोट्ल राय नारायण - पृ. ७७

राजभाषा नियमों के प्रलेखन में इनका सक्रिय योगदान रहा । उन्होंने कार्यालय सहायिका, प्रशासनिक हिन्दी निपुणता, कर्यालय कार्यबोध, कार्यालय दीपिका आदि अपने ग्रन्थों द्वारा अनेक पारिभाषिक शब्दों और नेमी वाक्यांशों के हिन्दी पर्याय देकर लाभान्वित किया । कई कार्यक्षेत्रों से संबद्ध पारिभाषिक शब्दावलियों के संकलनों में इनका योगदान रहा । उनके द्वारा संकलित विविध शब्दावलियों के लिए शिक्षा मंत्रालय का अनुदान पूर्वक प्रोत्साहन प्राप्त है । उन्होंने अनेक हिन्दी समानार्थक शब्दों को प्रस्तुत करने का साहस किया जो अर्थ-व्यंजना की दृष्टि से परिपूर्ण अर्थ के निकट निरूपित हुए और प्रमुख शब्दावलियों द्वारा प्रस्तुत शब्दों की तुलना में बेहतरीन भी साबित हुए । उन्होंने अपने शब्दावली और अन्य राजभाषा संबन्धी रचनाओं को, देश को पराधीनता से मुक्त करनेवाले भारत के सपूतों को समर्पित किया, जिनकी वह आकाँक्षा थी कि स्वतंत्र भारत का कामकाज भारतीय भाषाओं में हो ।[1]

२.९.२ विकास के आयामों में गैर सरकारी संस्थाएँ

पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में सरकारी व्यवस्था होने से पहले और बाद भी कई गैर सरकारी संस्थाओं ने प्रशस्त कार्य किया । ऐसी संस्थाओं में काशी नागरी प्रचारिणी सभा, प्रयाग विज्ञान परिषद्, शास्त्रीय परिभाषा मण्डल, महाराष्ट्र कोश मण्डल, बिहार हिन्दुस्तानी कमेटी, हिन्दी साहित्य सम्मेलन आदि इंटरनेशनल अकादमी ऑफ इंडियन कलवर, लाहौर, केन्द्रीय सार्ववालय हिन्दी परिषद् आदि प्रमुख संस्थाओं ने प्रारंभिक कार्य किया । इनमें से कुछ संस्थाओं का उल्लेख यहाँ किया जा रहा है ।

२.९.२.१ काशी नागरी प्रचारिणी सभा

---

1. कामकाजी हिन्दी शब्द-संरचना - गणपति भोट्ल राय नारायण - पृ. ७८

इस सभा से प्रकाशित हिन्दी वैज्ञानिक कोश (दो संस्करण) सन् १८९८ और १९३०-३१ में भूगोल, ज्योतिष, गणित, भौतिक, विज्ञान, रसायन और दर्शनशास्त्र के पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी पर्याय मिलते हैं । इस कोश के निर्माण में सर्वश्री सुधाकर द्विवेदी, महावीर प्रसाद द्विवेदी, भगवान दास आदि प्रमुख हिन्दी विद्धानों का योगदान रहा । इसी संकलन के संशोधन में प्रो. टी.के. गज्जर, प्रो. एन.वी. रानाडे, प्रो. ए.सी. सन्याल, पं. विनायकराव जैसे अहिन्दी विद्धानों ने प्रयास किए । उन्होंने इस संशोधित पारिभाषिक कोश को सार्वदेशीय बनाने केलिए अंग्रेज़ी, संस्कृत और हिन्दी एवं अन्य भाषाओं के उपसर्गों और प्रत्ययों का सहारा लिया । ये शब्द आज भी हिन्दी वैज्ञानिक ग्रंथों में प्रयुक्त पाए जाते हैं ।

२.९.२.२ केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद्

यह कुछ सचिवीय स्तर के केन्द्रीय सरकारी अधिकारियों के संयुक्त प्रयासों से सन् १९६८ में स्थापित संस्था है, जिसने पारिभाषिक शब्दावली की संरचना में गैर-सरकारी रूप में प्रशंसनीय कार्य किया । इसमें केन्द्रीय सरकारी संस्थानों में राजभाषा हिन्दी के लिए कार्यरत लगभग कई अधिकारी व कर्मचारी सदस्य है । राजभाषा अधिनियम व नियम बनाने में लगे कई सचिवीय स्तर के अधिकारी इसके संरक्षक है । इस परिषद की शाखाएँ देश-भर में फैली हुई है । मुख्यतया इस संस्था द्वारा प्रकाशित कार्यालय सहायिका, हिन्दी में कार्य निपुणता, अनगिनत वर्गीकृत शब्दावलियाँ, पुस्तिकाएँ, चार्ट जैसे सहायक ग्रंथ कई विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शक प्रमाणित हुए हैं, जिनके सहारे वे राजभाषा की सेवा में भर्ती पा रहे हैं, और उसका अपना व्यक्तित्व है । राष्ट्रीय स्तर पर यह परिषद अनुवाद, निबन्ध लेखन, हिन्दी टंकण, हिन्दी आशुलिपि इत्यादि पहलुओं मे तथा हिन्दी के कार्यान्वयन के लिए सरकारी कार्यालयों के लिए

प्रतियोगिताएँ आयोजित करती है और उनको अनेक पुरस्कार भी देती हैं ।

२.९.२.३ भारतीय अनुवाद परिषद्

यह परिषद् अनुवाद नामक पत्रिका प्रकाशित कर रही है । कोई भी अनुवादक व हिन्दी प्रेमी इसके सदस्य बन सकते हैं । उक्त पत्रिका में अनुवाद संबन्धी उपयोगी लेख छापे जाते हैं । इसमें न केवल हिन्दी में अनुवाद संबन्धी लेख छापे जाते है, अद्यतन पारिभाषिक शब्दावली की भी जनकारी, उसमें दी जाती है । इसमें न केवल हिन्दी में अनुवाद संबन्धी लेख छापे जाते है, बल्कि इस पत्रिका के विशेषकों द्वारा अन्य भाषाओं के अनुवाद संबन्धी रचनाएँ भी पढ़ने को मिलती है । इस प्रकार यह परिषद् भारतीय भाषाई समेकता के लिए सेवा कर रही है ।

२.९.३ सरकारी संस्थाएँ

हिन्दी कामकाजी कार्य सुधार के लिए भारत सरकार ने भी सरकारी तौर पर उपयुक्त मंत्रालयों के अधीन कुछ आयोगों और विभागों का गठन किया, उनमें से केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, वैज्ञानिक शब्दावली बोर्ड, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, विधाई आयोग आदि प्रमुख है ।

२.९.३.१ केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

सन् १९५१ में शिक्षा मंत्रालय में एक हिन्दी एकक का गठन हुआ था । वही आगे चलकर एक प्रभाग के रूप में परिणत हुआ । साथ ही संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिश पर राजभाषा हिन्दी के विकास के लिए अनेक योजनाएँ बनाई गई । फलत: मार्च,

१९६० के शिक्षा मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना की गई । निदेशालय ने देवनागरी लिपि को मानक रूप देने के प्रयास भी किए हैं ।

२.९.३.२ वैज्ञानिक शब्दावली बोर्ड

संविधान के अनुच्छेद ३५१ के अधीन राजभाषा हिन्दी के विकास एवं संवृद्धि हेतु केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आरंभ की गई अनेक योजनाओं में हिन्दी में तकनीकी शब्दावली के निर्माण का कार्यक्रम भी शामिल था । शब्दावली निर्माण अभियान को सही दिशा देने हेतु १९५० में भारत सरकार के शिक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में १२ सदस्यों के साथ वैज्ञानिक शब्दावली बोर्ड की स्थापना की गई । इसी बोर्ड के नेतृत्व में केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के तत्वावधान में १९६२ में पारिभाषिक शब्द संग्रह (A Consolidated Glossery of Technical Terms : English-Hindi) का पहला संस्करण दो खण्डों में प्रकाशित किया गया । इसमें विभिन्न अध्ययन व कार्य क्षेत्रगत विषयों से संबन्धित शब्दावलियों के निर्माणार्थ २६ विशेषज्ञ समितियाँ कार्यरत रही । इनको सहयोग देते हुए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के २० अधिकारी और ७७ अनुसंधान सहायक और २० तकनीकी सहायक भी लगे रहे । भारत सरकार ने मशहूर वैज्ञानिक डॉ. डी.एस. कोठारी की अध्यक्षता में १९६१ में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग का गठन किया । इसी आयोग द्वारा बोर्ड से संकलित शब्द संग्रह का भी पुनरवलोकन किया गया ।[1]

२.९.३.३ वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

भारत में पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण का उत्तरदायित्व प्रमुख रूप से

1. कामकाजी हिन्दी शब्द-संरचना - गणपति भोट्ल राय नारायण - पृ. ८०-८१

'वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग' का है । स्वतंत्र भारत में हिन्दी में नई वैज्ञानिक उपलब्धियों, संकल्पनाओं आदि की सम्यक् अभिव्यक्ति के लिए अपर्याप्त शब्दावली को देखते हुए वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के निर्माण की आवश्यकता अनुभव की गई । पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की भूमिका सराहनीय ही है ।

भारत के राष्ट्रपति के दिनांक २७.०४.१९६० के आदेश के अनुसरण में, अक्तूबर १९६१ में स्थाई रूप से वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना हुई । पहले यह आयोग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन काम करता था, अब मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन है । आयोग की स्थापना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित है -

(क) वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दों की सरंचना के क्षेत्र में अब तक किए गये काम की समीक्षा करना।

(ख) हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्द संरचना और समन्वय संबन्धी सिद्धांत निर्धारित करना ।

(ग) वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली के क्षेत्र में राज्यों के विभिन्न उपकरणों द्वारा किए गये काम का समन्वय करना ।

(घ) नये-नये संरचित शब्दों का प्रयोग करते हुए विज्ञान की मानक पाठ्य पुस्तकें तैयार करना।

२.९.३.३.१ वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा स्वीकृत शब्दावली-निर्माण के सिद्धांत

१. अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को यथासंभव उनके प्रचलित अंग्रेज़ी रूपों में ही अपनाना चाहिए और हिंदी

व अन्य भारतीय भाषाओं की प्रकृति के अनुसार ही उनका लिप्यंतरण करना चाहिए । अंतर्राष्ट्रीय शब्दावली के अंतर्गत निम्नलिखित उदाहरण दिए जा सकते हैं –

(क) तत्वों और यौगिकों के नाम, जैसे हाइड्रोजन, कार्बन डाइऑक्साइड आदि;

(ख) तौल और माप की इकाइयाँ और भौतिक परिमाण की इकाइयाँ, जैसे डाइन, पैलॉरी, ऐम्पियर आदि;

(ग) ऐसे शब्द जो व्यक्तियों के नाम पर बनाए गए हैं जैसे, मार्क्सवाद (कार्ल मार्क्स), ब्रेल (ब्रेल), बॉयकाट (कैप्टेन बॉयकाट), गिलोटिन (डॉ. गिलोटिन), गेरीमैंडर (मि. गेरी), ऐम्पियर (मि. ऐम्पियर), फारेनहाइट तापक्रम (मि. फारेनहाइट) आदि;

(घ) वनस्पति-विज्ञान, प्राणि-विज्ञान, भूविज्ञान आदि की द्विपदी नामावली;

(ङ) स्थिरांक जैसे π,g आदि;

(च) ऐसे अन्य शब्द जिनका आम तौर पर सारे संसार में व्यवहार हो रहा है, जैसे रेडियो, पेट्रोल, रेडार, इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन, न्यूट्रॉन आदि;

(छ) गणित और विज्ञान की अन्य शाखाओं के संख्यांक, प्रतीक, चिह्न और सूत्र, जैसे साइन, कोसाइन, टैन्जेन्ट, लॉग आदि (गणितीय सक्रियाओं में प्रयुक्त अक्षर रोमन या ग्रीक वर्णमाला के होने चाहिए) ।

२. प्रतीक, रोमन लिपि में अंतर्राष्ट्रीय रूप में ही रखे जाएँगे परंतु संक्षिप्त रूप देवनागरी और मानक रूपों में भी, विशेषत: साधारण तौल और माप में, लिखे जा सकते हैं – जैसे सेन्टीमीटर का प्रतीक cm हिंदी में भी ऐसे ही प्रयुक्त होगा परतु देवनागरी संक्षिप्त रूप से.मी. भी हो सकता है । यह सिद्धांत बाल-साहित्य और लोकप्रिय पुस्तकों में अपनाया जाएगा, परंतु विज्ञान और

प्रौद्योगिकी की मानक पुस्तकों में केवल अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक, जैसे cm ही प्रयुक्त करना चाहिए ।

३. ज्यामितीय आकृतियों में भारतीय लिपियों के अक्षर प्रयुक्त किए जा सकते हैं जैसे –क, ख, ग, या अ, ब, स, परंतु त्रिकोणमितीय संबंधों में केवल रोमन अथवा ग्रीक अक्षर ही प्रयुक्त करने चाहिए, जैसे साइन A, कॉस B आदि ।

४. संकल्पनाओं को व्यक्त करने वाले शब्दों का सामान्यतः अनुवाद किया जाना चाहिए ।

५. हिंदी पर्यायों का चुनाव करते समय सरलता, अर्थ की परिशुद्धता और सुबोधता का विशेष ध्यान रखना चाहिए ।

६. सभी भारतीय भाषाओं के शब्दों में यथासंभव अधिकाधिक एकरूपता लाना ही इसका उद्देश्य होना चाहिए और इसके लिए ऐसे शब्द अपनाने चाहिए जो :

(क) अधिक से अधिक प्रादेशिक भाषाओं में प्रयुक्त होते हों,और

(ख) संस्कृत धातुओं पर आधारित हों ।

७. ऐसे देशी शब्द जो सामान्य प्रयोग के पारिभाषिक शब्दों के स्थान पर हमारी भाषाओं में प्रचलित हो गए हैं जैसे telegraph/telegram के लिए तार, continent के लिए महाद्वीप, post के लिए डाक आदि इसी रूप में व्यवहार में लए जाने चाहिए ।

८. अंग्रेज़ी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी आदि भाषाओं के ऐसे विदेशी शब्द जो भारतीय भाषाओं में प्रचलित हो गए हैं, जैसे टिकट, सिग्नल, पेन्शन, पुलिस, ब्यूरो, रेस्तरां, डीलक्स आदि इसी रूप में अपनाए जाने चाहिए ।

९. *अंतर्राष्ट्रीय शब्दों का देवनागरी लिपि में लिप्यंतरण* – अंग्रेज़ी शब्दों का लिप्यंतरण इतना

जटिल नहीं होना चाहिए कि उसके कारण वर्तमान देवनागरी वर्णों में नए चिह्न व प्रतीक शामिल करने की आवश्यकता पडे। शब्दों का देवनागरी लिपि में लिप्यंतरण अंग्रेज़ी उच्चारण के अधिकाधिक अनुरूप होना चाहिए और उनमें ऐसे परिवर्तन किए जाएं जो भारत के शिक्षित वर्ग में प्रचलित हों।

१०. *लिंग* – हिंदी में अपनाए गए अंतर्राष्ट्रीय शब्दों को, अन्यथा कारण न होने पर, पुल्लिंग रूप में ही प्रयुक्त करना चाहिए ।

११. *संकर शब्द* – पारिभाषिक शब्दावली में संकर शब्द, जैसे guaranteed के लिए गरंटित, classical के लिए क्लासिकी, codifier के लिए कोडकार आदि के रूप सामान्य और प्राकृतिक भाषाशास्त्रीय प्रक्रिया के अनुसार बनाए गए हैं और ऐसे शब्द रूपों को पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकताओं तथा सुबोधता, उपयोगिता और संक्षिप्तता का ध्यान रखते हुए व्यवहार में लाना चाहिए ।

१२. *पारिभाषिक शब्दों में संधि और समास* – कठिन संधियों का यथासंभव कम से कम प्रयोग करना चाहिए और संयुक्त शब्दों के लिए दो शब्दों के बीच हाइफन लगा देना चाहिए । इसमें नई शब्द-रचनाओं को सरलता और शीघ्रता से समझने में सहायता मिलेगी । जहाँ तक संस्कृत पर आधारित 'आदिवृद्धि' का संबंध है, 'व्यावहारिक', 'लाक्षणिक' आदि प्रचलित संस्कृत तत्सम शब्दों में आदिवृद्धि का प्रयोग ही अपेक्षित है । परंतु नवनिर्मित शब्दों में इससे बचा जा सकता है ।

१३. *हलंत* – नए अपनाए हुए शब्दों में आवश्यकतानुसार हलंत का प्रयोग करके उन्हें सही रूप में लिखना चाहिए ।

१४. *पंचम वर्ण का प्रयोग* – पंचम वर्ण के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करना चाहिए परंतु lens, patent आदि शब्दों का लिप्यंतरण लेंस, पेटेंट या पेटेण्ट न करके लेन्स, पेटेन्ट ही करना चाहिए।[1]

विभिन्न विद्वानों और विभिन्न सरकार और गैर सरकारी स्थापना के फलस्वरुप पारिभाषिक शब्दावली जटिल हो रही है । इनका प्रयोग और प्रसार भी बढ़ रही है । हमें ऐसा कहा जा सकता है कि पारिभाषिक शब्द दैनिक व्यवहार के शब्द नहीं होते । लेकिन आज दैनिक जीवन में भी इन शब्दों का इस्तेमाल करते है । स्वतंत्र देश की अपनी स्वतंत्र भाषा में पारिभाषिक शब्दों का महत्व एवं उपयोग और अधिक हो जाती है ।

अब समाज में शब्दावली का विकास स्वाभाविक प्रयोग प्रक्रिया से चलने के फलस्वरूप यहाँ कई प्रकार की सामाजिक और भाषापरक समस्याएँ दूर हो जाती है । स्वतंत्रता के पूर्व से लेकर भारत में अब तक हुए शब्दावली निर्माण और प्रयोग संबन्धी समस्याएँ सफल हो रही है । हिन्दी में अधिकाधिक पारिभाषिक शब्द नवनिर्मित है, साथ ही साथ अन्य भाषाओं से अनूदित या लिप्यंतरित शब्द ही है । अपनी ही भाषा से लिए हुए शब्द पारिभाषिक शब्दावली में है । उदा :- Sea - समुद्र, Price - मूल्य, Details - विवरण, Weight - भार, Salary - वेतन आदि ।

---

1. नाट्यशास्त्र - फिल्म एवं टेलीविज़न शब्दावली - वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग , भारत सरकार - पृ. XV, XVI, XVII

तीसरा अध्याय

हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली का विकास : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

३.१ हिन्दी में पारिभाषिक शब्द और अनिवार्यता

शास्त्रीय विषय, तकनीकी क्षेत्र तथा कार्यालयीन कामकाज में पारिभाषिक शब्दों का महत्व एवं अनिवार्यता हर काल में रही है । हर भाषा में पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता होती है । क्योंकि पारिभाषिक शब्द ज्ञान-विज्ञान के हर क्षेत्र में प्रयुक्त होते हैं । परिभाषित (defined) किये गये वे शब्द भाषा को सुदृढ़ बनाते हैं । पारिभाषिक शब्दावली, उसकी अनिवार्यता या आवश्यकता एवं उसके महत्व की चर्चा पिछले अध्यायों में की गयी है । ऐसा लगता है कि ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों का विकास ही पारिभाषिक शब्दावली से सार्थक हो जायेगा । आज हिन्दी भाषा राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा घोषित होने के पश्चात् उसका प्रयोग क्षेत्र या कार्यक्षेत्र बढ़ गया है । साथ ही साथ ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण होता आ रहा है । निर्माण कार्य से अब शब्दावली की सुलभता है । केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागों में पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण कार्य साथ ही प्रयोग कार्य चल रहा है । केन्द्रीय सरकार के सभी क्षेत्रों में हिन्दी का प्रयोग होता जा रहा है । प्रान्तीय प्रदेशों में भी आज हिन्दी का प्रयोग चल रहा है। यहाँ भाषा की सुदृढ़ता व्यक्त है । भाषा नियमित, निश्चित, स्पष्ट, सरल होने के लिए पारिभाषिक शब्दावली की अनिवार्यता है । जिस भाषा में पारिभाषिक शब्दों का प्रभाव अधिक है उस भाषा उतनी ही संपन्न मानी जायेगी ।

हिन्दी के संदर्भ में विशेष रुप से आज, हिन्दी राजभाषा बनने के बाद पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता एवं अनिवार्यता और अधिक बढ़ गयी है । आज हिन्दी

को एक ओर जहाँ राजभाषा की संघीय संवैधानिक नीति का सफल अनुपालन करना है तो वही दूसरी ओर सांस्कृतिक साहित्यक चेतना को स्पन्दित करना है । और वही उसे ज्ञान-विज्ञान, विधि आदि विभिन्न अनुशासनों की विभिन्न ज्ञान शाखाओं की विशेष एवं सुनिश्चित स्पष्ट अभिव्यक्तियों के लिए पारिभाषिक शब्दावली से भी स्वयं को समृद्ध तथा संपन्न करना ज़रुरी हो गया है । नये-नये शोध कार्य तथा उपलब्धियों से लाभान्वित होने के लिए उस ज्ञान की विशिष्ट शब्दावली का ज्ञान आवश्यक है ।

हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली का विश्लेषण करते समय डॉ. महेन्द्र चतुर्वेदी के शब्द याद आते हैं – "किसी भी भाषा में समुचित पारिभाषिक शब्दावली की विद्यमानता उस भाषा-भाषी वर्ग के बौद्धिक उत्कर्ष एवं संपन्नता की परिचायक होती है और उसका अभाव बौद्धिक दरिद्रता का ।"

३.२ पारिभाषिक शब्दावली की परिभाषा : कुछ तथ्य

पिछले अध्याय में विभिन्न विद्वानों के पारिभाषिक शब्दावली की परिभाषा की चर्चा की गयी है । इससे स्पष्ट है कि जो शब्द सामान्य व्यवहार की भाषा में नहीं, परन्तु ज्ञान-विज्ञान के विविध क्षेत्रों में विषय और संदर्भ के अनुसार विशिष्ट, किन्तु निश्चित अर्थ में प्रयुक्त होते हैं, वे ही पारिभाषिक शब्द हैं । यहाँ व्यक्त है कि पारिभाषिक शब्द दैनिक व्यवहार के शब्द नहीं होते, वह जन साधारण की भाषा से अलग होनी चाहिए ।

Chambers Technical Dictionary (चैम्बर्स टेक्निकल डिक्शनरी) में जो परिभाषा दी है, इसमें ग्रहण, अनुकूलन और निर्माण के बारे में चर्चा की है । यहाँ पारिभषिक शब्दावली की संभावना व्यक्त है ।

डॉ. रघुवीर, डॉ. भोलानाथ तिवारी, डॉ. माईदयाल जैन और डॉ. विनोद गोदरे आदि कई विद्वानों की परिभाषा में पारिभाषिक शब्दों की सीमा और निर्धारण कार्य के बारे में चर्चा की है । विद्वानों ने अपने-अपने ढंग से शब्दावली को परिभाषित करने की कोशिश किये गये हैं । फलतः हिन्दी में प्रशासन, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी से संबन्धित पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण एवं प्रचलन हुआ । इस प्रकार वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली के निर्माण के कारण जनसंचार माध्यम और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिन्दी अनुप्रयोग को अत्यधिक महत्वपूर्ण विकास मिल गया है ।

विद्वानों की परिभाषा से व्यक्त है कि पारिभाषिक शब्दावली कैसा होना चाहिए ? कैसे निर्माण कार्य चलेगा, किन-किन क्षेत्रों में उपयोग होगा ? आदि । विद्वानों ने अपने-अपने तरीके से परिभाषा को व्यक्त किये है, कुछ लोग निर्माण कार्य पर बल दिये हैं, तो कुछ लोग सीमा पर, और कुछ लोग उपयोग के क्षेत्र पर ।

३.३ हिन्दी पारिभाषिक शब्द : अर्थ, रचनापरक दृष्टिकोण

अंतर्राष्ट्रीय राजभाषा है अंग्रेज़ी, भारत की राष्ट्रभाषा और राजभाषा है हिन्दी । भारत में भारतीय भाषाओं के ऊपर का वर्चस्व अब भी बरकरार है । अब सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अधिकतर अंग्रेज़ी शब्दों का प्रभाव है । प्रस्तुत शब्दों का समतुल्ल हिन्दी पारिभाषिक शब्द हिन्दी में अब सुलभ है । हिन्दी आज विशाल भौगोलिक क्षेत्र की भाषा है । संविधान ने इसे और अधिक विस्तृत क्षेत्र की भाषा होने का गौरव प्रदान किया है । अंग्रेज़ी के सभी कामकाजी शब्द के रूपान्तरण हिन्दी में मिलता है । एक प्रकार से हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली की संरचना का आधार प्रधानतया अंग्रेज़ी ही है । भारतीय संविधान के प्रावधानों के

अनुसार अंग्रेज़ी ने सह-राजभाषा के रूप में मान्यता प्राप्त कर, हिन्दी में पारिभाषिक शब्दों की अर्थ-व्यंजनागत संरचना में गणनीय योगदान दिया । अंग्रेज़ी के अर्थ में जो विविधता है वह हिन्दी में भी दिखाई देती है । उदाः-

Gazette	-	राजपत्र
Gazetted Post	-	राजपत्रित पद
Gazette Notification	-	राजपत्र-अधिसूचना
Gazetted Officer	-	राजपत्रित अधिकारी

यहाँ अंग्रेज़ी शब्द Gazette से अनेक शब्द बनाये गये हैं, उसी प्रकार हिन्दी पारिभाषिक शब्द राजपत्र से भी अनेक शब्द बनाये गये हैं । ऐसे सन्दर्भ में हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली की सुलभता दिखाई है ।

सभी पारिभाषिक शब्दावली ऐसे नहीं है । उसमें वैविध्यता भी है । उदाः-

High Court	-	उच्च न्यायालय
High way	-	राजपथ
Highest bid	-	सबसे ऊँची बोली
High authority	-	उच्चतर प्राधिकारी

हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली में High के लिए उच्च, सबसे, उच्चतर आदि भिन्न-भिन्न शब्दों के रूप में आते हैं ।

कुछ विभिन्न शब्दावली उसी प्रकार है – उदाः-

Examination	-	परीक्षा, परीक्षण

Example	-	उदाहरण
Exercise	-	प्रयोग करना
Expansion	-	विस्तार, प्रसार
Expedition	-	अभियान
Expert	-	विशेषज्ञ
Explanation	-	व्याख्या
Exchange	-	विनिमय, केन्द्र
Exise	-	उत्पादक शुक्ल
Expiry	-	समाप्ति

पारिभाषिक हिन्दी शब्दों का अपना अपना स्वतंत्र रुप है । क्योंकि हिन्दी भाषा का मूल केन्द्र संस्कृत है । इसके कारण, संस्कृत पारिभाषिक शब्दों का बाहुल्य हिंदी पारिभाषिक शब्दों में होना स्वाभाविक है । फलतः हिन्दी के कुछ मूल शब्द उपसर्ग, प्रत्यय अथवा अन्य अर्थ बदल देनेवाले शब्दों से एक ही शब्द के विविध शब्द भी बन गए हैं । उदा :-

हिन्दी -अंग्रेज़ी क्रम से —

तुलना	– Comparison
तुलन - पत्र	– Balance Sheet
संतुलन	– Balancing
तुलनात्मक	– Comparative
अतुलनीय	– Non-comparisonable

वाद	–	Suit/plaint
प्रतिवाद	–	Respondent
विवाद	–	Controversy
संवाद	–	Dialogue
अनुवाद	–	Translation
वाद-विवाद	–	Debating

अंग्रेज़ी - हिन्दी क्रम से —

Port	–	बन्दरगाह
Import	–	आयात
Export	–	नियति
Transport	–	परिवहन
Passport	–	पारपत्र आदि ।

उपर्युक्त शब्दों के अलावा एक ही अंग्रेज़ी शब्द के विविध संदर्भों में उसके अर्थ विविधता के कारण विविध अर्थों में हिन्दी पर्यायों की संरचना की गई है । पूर्णतः पारिभाषिक शब्दावली का महत्व बढ़ा रहा है । उदा :-

नियम	–	Rule
नियमन	–	To regulate
नियमानुसार	–	According to rule
नियमावली	–	Rules and Regulations
नियम-बाह्य	–	Against Rule

विविध कार्यालयों के नाम एवं पदनाम :

Accountant General	–	महालेखाकार
Post and Telegraphs	–	डाक-तार
Administration Section	–	प्रशासन अनुभाग
Administrative Reforms Department	–	प्रशासनिक सुधार विभाग
Agricultural Aviation	–	कृषि विमानन
Directorate	–	निदेशालय
Airport	–	हवाई पतन
Health Organisation	–	स्वास्थ्य संगठन
All India Radio	–	आकाशवाणी
Armed Force Films and Photo Division	–	सशस्त्र सेना फिल्म व फोटो प्रभाग
Atomic Energy Department	–	परमाणु ऊर्जा विभाग
Central Bureauof Investigation	–	केन्द्रीय जाँच ब्यूरो
Central Hindi Directorate	–	केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
Council of Scientific and Industrial Research	–	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्

पदनाम :

Administrator General	–	महाप्रशासक
Agent	–	अभिकर्ता

Accountant	–	लेखाकार
Field Officer	–	क्षेत्राधिकारी
Editor	–	संपादक
Director	–	निदेशक
Welfare Officer	–	कल्याण अधिकारी
Receptionist	–	स्वागती
Superintendent of Police	–	पुलिस अधिकारी

३.४ पारिभाषिक शब्दावली की अभिव्यक्तियाँ

हिन्दी राजभाषा है और राष्ट्रभाषा भी । प्रशासन के कामकाज में हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग किया जाता है । वह शब्द एक ही क्षेत्र में सीमित नहीं है । ज्ञान-विज्ञान के सभी क्षेत्रों में व्यापित है । ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापित कुछ शब्दावलियाँ नीचे दिये हैं।

३.४.१ कामकाजी हिन्दी शब्दावली

हिन्दी में कामकाजी शब्दावली के निर्माण में कई साहित्यकारों, भाषाविदों और विद्धानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । इसी तरह सरकारी विभागों और शैक्षिक, प्रचार-प्रसार तथा स्वयं सेवी संस्थाओं ने भी हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली की संरचना में अपना-अपना योगदान दिया । हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता के अनुसार निर्माण कार्य में भी वृध्दि हुई । नये-नये शब्दों के निर्माण से भाषा का विकास होता है । हिन्दी कामकाजी शब्दावली नहीं होती तो दूसरी भाषाओं की शब्दावली पर आधारित होना पड़ेगा । हिन्दी में

पारिभाषिक शब्दों का आधार अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दावली ही रही है । लेकिन पारिभाषिक शब्दावली की चर्चा केवल अंग्रेज़ी पारिभाषिक शब्दावली से जुड़ी नहीं है । विभिन्न कार्य क्षेत्रों से अनुभवी विद्वानों की सेवाएँ पारिभाषिक शब्दावली के लिए उपलब्ध है । कामकाजी हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली की कुछ उदाहरण देखिए –

Eligibility	–	अर्हता/पात्रता
Emergency	–	आपातकाल
Immediately	–	शीघ्र/तत्काल
Class	–	श्रेणी
Category	–	वर्ण
Supervision	–	पर्यवेक्षण
Inspection	–	निरीक्षण
Suspension	–	निलंबन
Retirement	–	सेवा-निवृत्ति
Insurance	–	बीमा
Index	–	सूची
Increment	–	वेतन वृद्धि
Identity Card	–	पहचान पत्र
Capacity	–	क्षमता
Appointment	–	नियुक्ति
Gross	–	सकल
Total	–	योग

३.४.२ बैकिंग क्षेत्र में हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली

बैकिंग आज के युग में निरंतर परिवर्तित हो रही है । नये-नये शब्दों का प्रयोग बैकिंग जगत् के प्रबुद्ध एवं निष्ठावन हिन्दी अधिकारी इन शब्दों का तत्काल अर्थ प्रचलित कर लेते हैं अथवा लिप्यंतरण द्वारा शब्दों को अपने प्रचार माध्यमों द्वारा परिचित करवा देते हैं । इसके परिणामस्वरुप बैकिंग जगत् में शब्दावली रुकना नहीं पड़ता है ।

कुछ शब्द देखिए :–

रजिस्टर पन्ना	–	Register Folio
पोस्ट बॉक्स न.	–	Post Box No.
बुक पोस्ट	–	Book Post
नकद प्रदत्त	–	Cash paid
नकद प्राप्त	–	Cash received

हिन्दी में पासबुक संबन्धी कुछ शब्दावली :–

Deposits	–	जमा
By cheque	–	नकदी जमा / से
By salary	–	वेतन जमा / से
By interest	–	ब्याज जमा / से
Withdraws	–	आहरण
To cash	–	नकदी भुगतान / को
To Demand Draft	–	ड्राफ्ट हेतु / को
To mail transfer	--	डाक अंतरण हेतु / को

आजकल अंग्रेज़ी संक्षिप्तियों के स्थान पर हिन्दी संक्षिप्तियों का प्रचलन भी हो रहा है ।

उदा :-

Clearing cheque (CLC)	–	समाशोधन चैंक (स. चेक)
Fixed Deposit Receipt (FDR)	–	मियादी जमा रसीद (मि.ज.र)
Returned Cheque (R/C)	–	लौटाया गया चैंक (लौ. चेक)
Transfer Cheuqe (T/C)	–	अंतरण चैंक (अ. चेक)
Demand Draft (D/D)	–	ड्राफ्ट (ड्रा.)

आज की वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ है बैंक । डॉ. विजयपाल सिंह के अनुसार, "भारत में बैंकिंग व्यवस्था पश्चिम की देन है ।"[1] देश के आर्थिक ढाँचे के निर्माण और उसके सुनियोजित विकास में बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण है । आर्थिक विकास के नियमन में बैंकों की भूमिका को पाश्चात्य देशों में बहुत पहले ही पहचाना गया । हालाँकि माना जाता है कि हमारे बैंकिंग का प्रयोग वैदिक युग से होता चला आ रहा है और धीरे-धीरे आधुनिक युग में इसका विकास हुआ है । बैंकों के प्रत्येक शाखा में हिन्दी प्रयोग संबन्धी बोर्ड दिखाई पड़े है, यहाँ पारिभाषिक शब्दावली महत्वपूर्ण है । हिन्दी में लिखे गये आवेदन पत्र और हिन्दी में भरे चैक आदि बैंक में है । अर्थ-व्यंजना की दृष्टि से यह शब्द पूर्णता प्राप्त करता है । शब्दों में स्पष्टता (clarity), यथार्थता (accuracy), सरलता (simplicity) और एकरूपता (uniformity) है । ऐसे कुछ शब्द नीचे दिये हैं –

आवेदन – Application

---

1. कार्यालयीन हिन्दी – डॉ. विजयपाल सिंह – पृ. ७५

आवेदक	–	Applicant
अनुदेश	–	Direction
जमाकर्ता	–	Depositor
जाँचकर्ता	–	Checked by
शेष धन	–	Balance
केन्द्रीय बैंक	–	Central Bank
सहकारी बैंक	–	Co-operative Bank
व्यापारिक बैंक	–	Commercial Bank
धनादेश	–	Cheque
चालू खाता	–	Current Account
धनाराशि	–	Amount
रोकड बही	–	Cash Book
रोकड	–	Cash

३.४.३ विज्ञापन संबन्धी शब्दावली

प्रत्येक क्षेत्र के लिए विशिष्ट शब्दावली का प्रयोग होता है । विज्ञापन संबन्धी पारिभाषिक शब्दावली सामान्य साहित्य भाषासे थोड़ी अलग है । उदा :-

शास्त्रीय अध्ययन	–	Academic studies
विज्ञापनदाता कम्पनी	–	Advertising company
विज्ञाप्ति	–	Bulletin

नौकरशाही	–	Bureaucracy
व्यावसायिक कला	–	Commercial art
बाज़ार की गतिविधि	–	Market report
निजी क्षेत्र	–	Private sector
मुद्रण कला	–	Typography
परिवहन सेवा	–	Transport service
पराध्वनि	–	Supersonic
उप संपादक	–	Sub-Editor

३.४.४ आकाशवाणी (रेडियो) संबन्धी शब्दावली

हिन्दी में संचार माध्यम की शब्दावली में आकाशवाणी संबन्धी शब्दावली में स्पष्टता सरलता होती है । आकाशवाणी संबन्धी हिन्दी शब्दावली का प्रयोग भी आज चलते है । हिन्दी शब्दों का प्रचार-प्रसार तथा प्रयोग आगे बढ़ रहा है । शब्दों के अर्थ स्पष्टीकरण में सरलता आती है । उदा :-

आकाशवाणी	–	All India Radio
ध्वनि रक्षित	–	Sound proof
प्रसारण	–	Broadcast
प्रक्षेपण	–	Transmission
प्रसारण-कक्ष	–	Studio
महानिदेशक	–	Director General

आलेख	–	Script
कार्यक्रम	–	Programme
ध्वनि	–	Sound
प्रसारण केन्द्र	–	Radio Station

३.४.५ वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली

आज इन क्षेत्रों में शब्दावली का उपयोग अंग्रेज़ी के बराबर होता है । अधिकतर शब्द के लिए उचित हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली मिलता है –

अनुप्रयुक्त विज्ञान	–	Applied Science
अनूकूलन	–	Adaptation
अंतरिक्षयानिकी	–	Astronauties
अभिरुचि	–	Aptitude
आरोग्य प्रमाणपत्र	–	Certificate of Medical Fitness
अभियन्ता	–	Engineer
आकलन	–	Estimate
उदर	–	Abdomen
उपचय	–	Anabolism
उत्प्रेरक	–	Catalyst
कार्यपालक	–	Executive
कोशिका	–	Cell

कक्ष	–	Orbit
खंडी भवन	–	Segmentation
चुम्बक मंडल	–	Magnet Sphere
जनित्र	–	Generator
जीवाश्म	–	Fossil
जड़त्व	–	Inertia
तंत्रिका	–	Nerve
संकल्पना	–	Concept
प्रतिमान	–	Criterion
परिस्थितिकी	–	Ecology
तत्व	–	Element
पर्यावरण	–	Environment
लक्षण	–	Symptom
संश्लेषण	–	Synthesis
प्रतिचयन	–	Sampling

३.४.६ हिन्दी में परिवहन शब्दावली

जहाज़ पर	–	Abroad
विदेशी व्यापार	–	Cross trade
निर्यात	–	Export
आयात	–	Import
अधिनियम	–	Act

अनुमानित लागत	–	Cost estimated
इकतरफा यातायात	–	Oneway traffic
कार्यशाला	–	Workshop
विधेयक	–	Bill
बन्दरगाह	–	Harbour
व्यापारी बेडा	–	Merchant Navy
यात्री सेवा	–	Passenger service

३.४.७ हिन्दी में उपग्रह शब्दावली

अभिग्राहक	–	Receive
अधि परिभाषित	–	High Definition
निवेश	–	Input
अन्तर्वाहक	–	Sub carrier
प्रवरण	–	Selection
विस्तार	–	Band
तंत्र	–	System
सारणी	–	Channel
संकेतावली	–	Coding
संपीडित	–	Compressed
प्रबर्धन	–	Amplification
संचरण	–	Transmission

दर्शन क्षेत्र	–	Field of view

३.४.८ हिन्दी में विधि शब्दावली

अधिवक्ता	–	Advocate
अपील	–	Appeal
आरोप	–	Charge
न्याय	–	Justice
वकील	–	Lawyer
विधि	–	Law
न्यायाधीश	–	Judge

३.४.९ कंप्यूटर संबन्धी शब्दावली

आँकड़ा	–	Data
ऑकडा संसाधन	–	Data processing
दृश्य प्रस्तुति	–	Visual display
संचार प्रेषक	–	Transputer
निर्गम	–	Output
स्मृति इकाई	–	Memory Unit
यंत्र भाषा	–	Machine language
भण्डारण	–	Storage
मध्यसीमा	–	Interface
संकेत	–	Code

३.४.१० नियुक्ति एवं स्थापना शब्दावली

Appointment	–	रोज़गार
Election	–	चुनाव
Promotion	–	पदोन्नति
Upgradation	–	पदोन्नयन
Removal	–	निष्कासन
Conversion	–	परिवर्तन / रूपान्तरण
Resignation	–	पद त्याग
Retirement	–	सेवा-निवृत्ता

३.४.११ शासकीय प्रक्रियाओं की शब्दावली

Nationalisation	–	राष्ट्रीकरण
Liberalization	–	उदारीकरण
Globalisation	–	वंशीकरण
Orientation	–	अभिमुखीकरण
Standardisation	–	मानकीकरण
Renewal	–	नवीकरण
Presentation	–	प्रस्तुतीकरण

३.४.१२ हिन्दी में वाणिज्य शब्दावली

अंचल प्रमुख	–	Zonal Head

अंचल कार्यकाल	–	Zonal Office
कार्यशाला	–	Workshop
कार्यदिवस	–	Working day
वाउचर	–	Voucher
मूल्य	–	Value
निविदा	–	Tender
परिवहन	–	Transport
किराया	–	Rent
गुणवत्ता प्रमाणपत्र	–	Quality Certificate
प्रचार	–	Publicity
प्रकाशित	–	Published
अवधि	–	Period
मालिक	–	Owner
अनुपलब्ध	–	Out of stock
मूल	–	Original

३.४.१३ हिन्दी में भौतिकी शब्दावली

अणु जालक	–	:Lattic
प्रत्यानयन	–	Restoring
उष्मचालन	–	Thermal conduction
प्रगामी तरंगे	–	Progressive waves

अन्तराणविक	–	Intermolecular
परिशुद्धता	–	Precision

३.४.१४ प्रशासनिक हिन्दी में प्रयुक्त तत्सम शब्दावली

आजकल लोकप्रिय देशी अथवा विदेशी शब्दों का प्रयोग व प्रभाव अधिकाधिक देखा जा सकता है । पूर्णतः संस्कृत निष्ठ शब्दावली को कहीं कहीं सुधारना और उसके स्थान पर लोकप्रिय देशी अथवा विदेशी शब्दों का प्रयोग समीचीन लगता है । फिर भी अंतर्राष्ट्रीय शब्दों के स्थान पर उचित संस्कृत निष्ठ शब्द है तो उनका प्रयोग भी उचित मालूम होता है । ऐसे प्रशासनिक हिन्दी में प्रयुक्त कुछ शब्दावलियाँ देखिए –

अनुबंध	–	:Appendix
अन्वेषण	–	Investigation
औचित्य	–	Justification
आशोधन	–	Modification
उद्धरण	–	:Extract
साक्ष्यांकन	–	Attestation
वर्गीकरण	–	Classification
परामर्श	–	Consultation
स्थिति	–	Condition
स्पष्टीकरण	–	Clarification
संग्रहण	–	Collection
निर्णय	–	Decision

पदनाम	–	Designation
विचार विमर्श	–	Discussion
पदच्युति	–	Dismissal
दक्षता	–	Efficiency
पृष्ठांकन	–	Endorsement
स्थापना	–	Establishment
पाद टिप्पणी	–	Foot note
प्रवेश पत्र	–	Admission Form
राजभाषा	–	Official Language
नामांकन	–	Nomination

हिन्दी पारिभाषिक शब्द दिन-व-दिन अंग्रेज़ी के समानान्तर अपना रुपान्तरण करते जा रहे हैं । अर्थात् जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपयोग में लाए जाने वाले शब्दों के रूप में प्रस्तुत शब्दों का प्रयोग हो रहा है ।

३.५ पारिभाषिक शब्दों में उपयोग की अनिवार्यता

पारिभाषिक शब्द, जनता की ज्ञानकारी के अभाव से सूख जाते हैं । ऐसे अनेक शब्द है, जिनके अंग्रेज़ी मूल रूप से ही आम जनता परिचित है और इसी कारण से हिन्दी शब्दों के प्रयोग में अज्ञानी की संभावना होगा । उदा :-

Memory	–	मेमोरी
Keyboard	–	की-बोर्ड
Software	–	सोफ्टवेयर

Programme	–	प्रोग्राम
Upload	–	अपलॉड
Click	–	क्लिक
Layout	–	ले आउट
Mail merge	–	मेल मर्ज
Board	–	बोर्ड
Scanner	–	स्कैनर
Printer	–	प्रिन्टर
Plotter	–	प्लॉटर
Fax	–	फैक्स
Icon	–	आइ्कॉन

अधिकतर शब्द के लिए पारिभाषिक शब्द बनाया गया है । लेकिन यह शब्द व्यावहारिक प्रयोग में अधिक नहीं रहा है । आम जनता के बीच इन शब्द का जितना स्वीकृति मिलती है, उतना ही अस्वीकृति पारिभाषिक शब्दावली में होगा । ऐसे अनेक शब्द है । उदा :-

Report	–	रिपोर्ट	–	प्रतिवेदन
Manager	–	मैनेजर	–	प्रबन्धक
Record	–	रकार्ड	–	अभिलेख
Workshop	–	वर्कशॉप	–	कर्मशाला
Install	–	इंस्टॉल	–	संस्थापित करना
Copy	–	कॉपी	–	नकल

आम जनता की स्वीकृति और अस्वीकृति के कारण विविध सरकारी विभागों में बैंकों में कई शब्द मूल रूप में स्वीकृत है । उदा :-

Post Card	–	पोस्ट कार्ड
Cover	–	कवर
Bank	–	बैंक
Cheque	–	चेक
Counter	–	काउण्टर
Draft	–	ड्रफ्ट
Money Order	–	मनी आर्डर
Postal Order	–	पोस्टल आर्डर

आज हमारे समाज औद्योगिक सूचना प्राप्त करने के लिए प्राप्त ढंग का इस्तेमाल कर रहा है । सूचना प्रौद्योगिकी अब विस्तार हुआ है । उससे सूचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है ।सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने के जिाए मुद्रण का आविष्कार हुआ, जिससे समाचार पत्र-पत्रिकाएँ सूचना का आधार बनीं । विद्युतकीय आविष्कारों ने सूचना माध्यम को आगे बढ़ाते हुए आधुनिक स्वरुप दिया ।टेलीफोन, फैक्स, ई-मेल, इंटरनेट, सैटेलाइट, कंप्यूटर, वेबसाइट, लैपटाप आदि के आविष्कार ने तो सूचना की पूरी प्रक्रिया की ही तीव्रतर बना दिया है । इन सभी क्षेत्रों में अंग्रेज़ी शब्दों का प्रभाव है । यहाँ बराबर हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली होगा, या निर्माण भी होगा, लेकिन इनका उपयोग कहाँ तक सफल होगा, यह ध्यान देने की बात है । सूचना प्रौद्योगिकी में कंप्यूटर सबसे महत्वपूर्ण है । आधुनिक युग कंप्यूटर युग के नाम से जाना जाता है ।कंप्यूटर अंग्रेज़ी के सात अक्षरों का संयोग

है । इन सात अक्षरों का विस्तार इस प्रकार है, विशेषता यह है कि इन्हें हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली की सुलभता है ।

C	–	Commonly	–	साधारण रुप से
O	–	Operator	–	संचालक
M	–	Machine	–	यंत्र
P	–	Particulars	–	विशेष रुप से
U	–	User	–	प्रोक्ता
T	–	Trade -	-	व्यवसाय
E	–	Education	–	शिक्षा
R	–	Research	–	अनुसंधान

कंप्यूटर संबन्धी अंग्रेज़ी शब्दावली में हिन्दी शब्दावली की भूमिका महत्वपूर्ण है । कुछ हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली देखे –

Word Processor	–	शब्द संसाधक
Visual display	–	दृश्य प्रस्तुति
Error	–	तृष्टि
Primary memory	–	प्राथमिक स्मृति
Output	–	निर्गम
Memory Unit	–	स्मृति इकाई

हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली में निर्माण आयोग का योगदान महत्वपूर्ण है । पारिभाषिक शब्द रचना में विज्ञान के लगभग सभी अंगों की वस्तुओं के नाम-बोधक पारिभाषिक

शब्दों की रचना करने का प्रशंसनीय प्रयास आयोग ने किया है । इसमें अधिकतर शब्द हमें सुपरिचित है । शिक्षा संबन्धित तथा अन्य कार्यों से संबन्धित क्षेत्रों में इन शब्दों का इस्तेमाल किए जाते हैं । ऐसे कुछ पारिभाषिक शब्दावली इस प्रकार है ।

Temperature	–	तापमान
Energy	–	ऊर्जा
Iron	–	लोहा
Zoology	–	प्राणि विज्ञान
Biology	–	जीव विज्ञान
Botany	–	वनस्पति विज्ञान

लोगों की आवश्यकता के अनुसार पारिभाषिक शब्दावलियों का निर्माण कार्य चल रहे है, फिर लोग सुविधा के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द के होते हुए भी अंग्रेज़ी शब्दों का ही उपयोग करते है । उसी प्रकार हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली का अभाव न होना चाहिए । भाषा के अस्तित्व को संभालना भाषाविदों का कर्तव्य है । इसलिए अंग्रेज़ी शब्दावली के समान हिन्दी शब्दावली का निर्माण भी हुआ है, फिर भी लोग अधिकतर हिन्दी शब्दों का प्रयोग नहीं करते है ऐसे कुछ शब्द है –

Cancel	–	कॉनसल
Disc	–	डिस्क
Delete	–	डिलीट
Refresh	–	री-फ्रेष
Save	–	सेव

Monitor	–	मोनीटर
On	–	ऑन
Off	–	ऑफ
Mouse	–	मौस
Button	–	बट्टन

हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली में cancel के लिए 'निरसन' शब्द है, यहाँ हिन्दी शब्दावली का अभाव नहीं होता है, उपयोगिता का अभाव है । अधिकतर शब्दों का इस्तेमाल ऐसा है, एक एक केलिए उचित हिन्दी शब्द है । Disc के लिए वृत्त अथवा आधार फलक, delete के लिए निरसन, refresh के लिए पुनःदर्शाओं, save के लिए संचित रखे, Monitor के लिए प्रपट्ट इत्यादी ।

सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में कार्य संचालन बहुत तेज़ी से है, भाषाई कार्य के लिए पारिभाषिक शब्दावली की आवश्यकता बहुत बड़ा है । एक-एक शब्द के लिए सरल, सुदृढ़, अर्थ युक्त शब्दावली हिन्दी में सुलभ है । कुछ शब्द देखिए –

File (फयल)	–	पंजिका
Input (इनपुट)	–	निवेश
Output (औटपुट)	–	निर्गम

कहने का अर्थ यह है कि हिन्दी शब्दावली का विकास कार्य आवश्यकता के अनुसार बढ़ रहा है । पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में निर्माण करने के लिए जो पथ-प्रदर्शन डॉ. रघुवीर ने किया, उसके लिए सारा राष्ट्र उनका सदा स्मरण रहेगा । ज्ञान-विज्ञान के शब्दों

का हिन्दी शब्द निर्माण कार्य या सूत्र उन्होंने ही सर्वप्रथम हमें दिया और भावी पीढ़ियों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया । उन्होंने प्रत्येक अंग्रेज़ी शब्द के लिए हिन्दी का एक अपना शब्द देकर राष्ट्रभाषा का गौरव बढ़ाया एवं उसकी क्षमता सिद्ध की ।

पारिभाषिक शब्दावली का विकास बड़ी रोचक बात है । वास्तव में उसका मानव भाषा और जन समूह के सभी पक्षों से सीधा संबन्ध है । पारिभाषिक शब्दों का इस्तेमाल करना आवश्यक है, जो निजी भाषा की अभिव्यक्ति की क्षमता बढाएगी ।

देश स्वतंत्र हुआ, अब हम सूचना प्रौद्योगिकी के बहाव में है । स्वतंत्र देश की राजभाषा या राष्ट्रभाषा के लिए सर्वमान्य पारिभाषिक शब्दावली होना चाहिए । ज्ञान-विज्ञान विभिन्न बातें की हिन्दी में सार्थक अभिव्यक्ति करने के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली का विकास होना ज़रूरी है । विभिन्न आयोग द्वारा नये नये शब्द बनाये जाते हैं । आज प्रौद्योगिकी के युग में हमको प्रतिदिन नए-नए शब्द बनाना है । हिन्दी जन समूह को इसका इस्तेमाल करना चाहिए । प्रौद्योगिकी के आधुनिक युग में देश की प्रगति और समृद्धि टेक्नालोजी के व्यावहारिक उपयोग पर निर्भर करती है । विज्ञान मानव के सभी क्रियाकलापों को प्रभावित करने लगा है और इसके कारण सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और औद्योगिक पहलुओं में बहुत से परिवर्तन होते रहते हैं । विज्ञान के प्रचार प्रसार के लिए ऐसी शब्दावली की ज़रूरत होती है जिसमें भावों को उजागर करने की पूर्ण क्षमता और हर प्रकार की अभिव्यक्ति की क्षमता हो । तभी विज्ञान की जानकारी को शब्दावली के माध्यम से अच्छी तरह से अभिव्यक्त किया जा सकता है । समय-समय पर वैज्ञानिकों को नये-नये शब्दों की आवश्यकता पड़ती है जिनके द्वारा वे विभिन्न संकल्पनाओं, प्रक्रियाओं, दशाओं, गुणों, यंत्रों, घटनाओं आदि को यथोचित रूप से अभिव्यक्त

कर सकें । शब्दावली की संपूर्णता के लिए भिन्न-भिन्न पदार्थों, प्रक्रियाओं को सही रूप में पारिभाषित करने के लिए उपयुक्त क्रियाएँ, विशेषण, उपसर्ग और प्रत्यय भी होने चाहिए । ऐसे करने से सुस्पष्ट रूप से नए-नए शब्दों का निर्माण हो सकता है । दिन ब दिन विकसित होते रहने वाले विज्ञान के साथ-साथ नई शब्दावली की अनिवार्य रूप से माँग बढ़ती जाती है । प्रत्यय और उपसर्ग वाली कुछ शब्द देखे –

क प्रत्यय से निदेशक

ई प्रत्यय से सहकारी

ईश प्रत्यय से अन्तर्राष्ट्रीय

आ उपसर्ग से आलोचक

अनु उपसर्ग से अनुदान

उप उपसर्ग से उपभोक्ता आदि ।

विज्ञान या प्रौद्योगिकी के साथ-साथ वैज्ञानिक शब्दावली का महत्व भी उत्तरोत्तर बढ़ रहा है । पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं, सिनेमा, रेडियो, टेलिविज़न, इन्टरनेट आदि क्षेत्र तक आज पारिभाषिक शब्दावली का उपयोग या प्रयोग हो रहा है, और आम जनता भी इसके संपर्क में आता है । इन क्षेत्रों में पारिभाषिक शब्दों का महत्व एवं आवश्यकता हर काल में रही होगी । पुराने ज़माने से ही वह संपन्न हो रहा है । अध्ययन और अध्यापन के क्षेत्र में इनका महत्व बढ़ रहा है । आज हमारे लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्दावलियों के भण्डार है, फिर भी जनता अंग्रेज़ी के पीछे चलने की मनोवृत्ति में है । हमें यह निष्कर्ष में पहुँचना पडेगा कि जब हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली उपयुक्त होगी, तब उसका उपयोग्यता बढ़ जाएगी । हिन्दी पारिभाषिक

शब्दावली के विकास की विशेषता यह है कि इसका निर्माण क्षेत्र दृढ़ है । इसलिए सुलभ रूप से शब्द मिलते है, लेकिन उपयोगिता की कमी के कारण हिन्दी शब्दों का प्रयोग नहीं चलता है । अन्य शब्दों का विशेषकर अंग्रेज़ी शब्दों का उपयोग बढ़ती जा रही है । हिन्दी शब्दों का विकास होना चाहिए, इसके लिए हिन्दी शब्दों का प्रयोग करना भी चाहिए । आजकल सूचना प्रौद्योगिकी और जन संचार माध्यम जैसे क्षेत्रों में पारिभाषिक शब्दों की उपयोगिता बढ़ रही है ।

चौथा अध्याय

सूचना प्रौद्योगिकी एवं जनसंचार माध्यमों में प्रयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली : एक विश्लेषण

४.१ सूचना प्रौद्योगिकी

वर्तमान युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग माना जाता है । हमारे सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व परिवर्तन दिखाई दे रहा है । इस बदलाव का कारण सूचना प्रौद्योगिकी है । जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभाव पड रहा है । हर क्षेत्र में उसका हस्ताक्षेप दिखाई दे रहा है । सूचना क्रांति के इस सार्वभौमिक संवृत्ति से देश अपनी प्रगति के बल पर है । सूचना प्रौद्योगिकी, वह निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है । मानव जीवन के हर क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

सूचना को अंग्रेज़ी के 'Information' शब्द का हिन्दी रुपान्तरण मानते हैं । हिन्दी पर्याय के रूप में सूचना के लिए जानकारी, ज्ञान, खबर, इतला आदि शब्द प्रचलित है । लेकिन इसका शाब्दिक अर्थ है – अवगत या सूचित करना । प्रौद्योगिकी शब्द व्यावहारिक ज्ञान है । इन्साइक्लोपीडिया अमेरिका में कहा है – "Technology refers to the way of making or doing things." 'प्रौद्योगिकी' अंग्रेज़ी के बहुप्रचलित शब्द 'Technology' का हिन्दी रुपान्तर है । सूचना प्रौद्योगिकी या Information का लघु नाम या रूप है आई. टी. । यह शब्द बहुत प्रचलित है ।

४.१.१ सूचना प्रौद्योगिकी का स्वरूप

सूचना प्रौद्योगिकी बिलकुल अद्यतन वैज्ञानिक शाखा है । कंप्यूटर के आविष्कार

के पहले इलक्ट्रोनिकी का विकास एवं प्रचार हो चुका था । कंप्यूटर तथा सज्जन्य सुविधाओं के साथ इलक्ट्रोनिकी का योग संचार जगत में एक अभूतपूर्व क्रान्ति पैदा कर दी । दोनों के सम्यक सहयोग से सूचना प्रौद्योगिकी नामक वैज्ञानिक शाखा का विकास हुआ । सूचनाओं का आदान-प्रदान पुराने ज़माने से ही होता आ रहा है । लेकिन आज सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के कारण प्रस्तुत आदान-प्रदान अत्यन्त त्वरित गति से होने लगा है । वह संपूर्ण मानव जीवन को बेहद प्रभावित किया है । जन जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र है ही नहीं। जहाँ किसी किसी रूप में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभाव न पडा था ।

४.१.१.१ सूचना प्रौद्योगिकी का अर्थ

सूचना प्रौद्योगिकी अंग्रेज़ी के बहुप्रचलित शब्द Information Technology है । प्रौद्योगिकी शब्द मुख्य रूप से दो संदर्भों में प्रयोग किया जाता है । इसका संकुचित अर्थ केवल प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं से संबन्धित है, जिसने हस्तकला और शिल्प को विस्थापित किया है । जबकि विस्तृत अर्थ में यह शब्द सभी पदार्थों के साथ होनेवाली सभी प्रक्रियाओं का द्योतक है । वास्तव में देखा जाए तो प्रौद्योगिकी का ज्ञान व्यावहारिक ज्ञान है, जिसे अर्जित करना पड़ता है । आवश्यक प्रशिक्षण पाकर अक्सर सीखना पड़ता है । जो विशिष्ट सैद्धांतिक ज्ञान हम अर्जित करते हैं, उसे व्यावहारिक ज्ञान में तब्दील करना होता है । इसीलिए कहा गया है कि "In this broader sense technology may be defined as application of knowledge."[1]

अत: प्रौद्योगिकी या Technology शब्द ज्ञान की एक शाखा है । वह यांत्रिक

1. www.google search

कला का विज्ञान है । प्रौद्योगिकी एक कला है । यहाँ उद्योग की ध्वनि भी व्यक्त है। अर्थात् वह शब्द विज्ञान (Science), कला (Art) तथा अभियांत्रिकी (Engineering) से जुडा हुआ शब्द है ।

आज मानव का जीवन प्रौद्योगिकी से भरा है । अर्थात् दैनिक जीवन में मनुष्य छोटे-छोटे और बडे-बडे यंत्रों का उपयोग करते हैं, मानव के उपयोगी यंत्रों, संसाधनों, प्रक्रियाओं आदि को प्रौद्योगिकी कहते है । यहाँ सूचना प्रौद्योगिकी का अर्थ व्यक्त है । अर्थात् सूचना, जानकारी, आँकडों के लिए काम आनेवाली सभी उपकरण या पद्धतियों सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत आते है ।

४.१.१.२ सूचना प्रौद्योगिकी की परिभाषाएँ

सूचना प्रौद्योगिकी की व्याख्या[1] संक्षिप्त विश्वकोश में 'सूचना प्रौद्योगिकी' को सूचना से संबन्धित माना गया है । इस प्रकार के विचार 'डिक्शनरी ऑफ कंप्यूटिंग' में भी व्यक्त किये गये हैं । मैक मिलन, 'डिक्शनरी ऑफ इनफॉर्मेशन तकनोलॅजी' में 'सूचना प्रौद्योगिकी' को परिभाषित करते हुए यह विचार व्यक्त किया गया है कि कंप्यूटिंग और दूरसंचार के सम्मिश्रण पर आधारित माइगे-इलैक्ट्रॉनिक्स द्वारा मौखिक, चित्रात्मक, मूल-पाठ विषयक और संख्या संबन्धी सूचना अर्जन, संसाधन (प्रोसेसिंग), भण्डारण और प्रसार है ।

डॉ. जगदीश्वर चतुर्वेदी ने सूचना प्रौद्योगिकी के लिए सूचना तकनीकी शब्द को परिभाषित करते हुए लिखा है – "सूचना, तकनीकी (प्रौद्योगिकी) का किसी भी उद्देश्य के लिए

---

1. www.google search -- Definition of Information Technology

इस्तेमाल किये जाये वह वस्तुतः उपकरण तकनीकी है । यह सूचनाओं को अमूर्त संसाधन के रूप में मथती है । यह हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों पर आश्रित है । इसमें उन तत्वों का समावेश भी है जो हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के रूपान्तर है ।"

Definition adopted by UNESCO -- The Scientific, Technological and engineering disciplines and the management techniques used in information handling and processing, their applications, computers and their interaction with men and mechines, and associated social, economic and cultural matters (quoted by Raitt, 1982). It means Information Technology is new technology applied to the creation, storage, selection, transformation and distribution of information of various kinds.

सूचना प्रौद्योगिकी के संदर्भ हम जब सूचना शब्द का प्रयोग करते हैं तब यह एक तकनीकी पारिभाषिक शब्द होता है । वहाँ सूचना के संदर्भ में आँकडा (Data), प्रज्ञा विवेक, बुध्दिमत्ता (wisdom) आदि शब्दों का भी प्रयोग मिलता है । प्रौद्योगिकी ज्ञान की एक ऐसी शाखा है इसका सरोकार यांत्रिकीय कला अथवा प्रयोजनपरक विज्ञान अथवा इन दोनों के समन्वय रूप से है । सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत वे सब उपकरण एवं पद्धतियाँ सम्मिलित है जो सूचना के संचालन में काम आते हैं । यदि इनकी एक संक्षिप्त परिभाषा देनी है तो कहेगे – "सूचना प्रौद्योगिकी एक ऐसा अनुशासन है जिसमें सूचना का संचार अथवा आदान-प्रदान त्वरित गति से दूरस्थ समाजों में विभिन्न तरह के साधनों तथा संसाधनों के माध्यम से सफलता पूर्वक किया जाता है ।"

४.१.१.३ सूचना प्रौद्योगिकी से लाभ

सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए कोई

कठिनाई नहीं । एक महत्वपूर्ण कंप्यूटेशनल घटना के रूप में 'इंटरनेट' हमारे दैनिक जीवन में जुडी हुई है । सूचना के महत्व तथा कंप्यूटर के द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के संसाधन से हम सब भलीभाँति परिचित है। 'इंटरनेट' के कारण आज हर प्रकार की सूचना संचार संभव हो गया है । सूचनाओं का एक विशाल समुद्र है 'इंटरनेट' । वह दैनिक जीवन में बहुत लाभदायक भी है कि इसके बिना ज़िन्दगी में रुकावट बनेगा ।

४.१.२ सूचना प्रौद्योगिकी एवं हिन्दी

हिन्दी भाषा से वर्तमान स्वरूप तक परिणत होने में सदियाँ लग गई हैं, और कई पीढियों से गुज़रना पडा है । डॉ. विश्वनाथ अय्यर कहते हैं कि – "भाषाएँ विकास के विविध युगों को पारकर वर्तमान रूप धारण कर चुकी है ।" अभी हमारे समाज में सब कहीं टेकनॉलजी का अनुप्रयोग हो रहा है । वह हमारे निजी सामाजिक और व्यावहारिक जीवन से संबन्ध स्थापित कर लिया है । भाषा का अनुप्रयोग सूचना प्रौद्योगिकी के ज़रिए जीवन के हर क्षेत्र में हो रहा है । हिन्दी हमारी जन भाषा है । आज सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से जीवन की हर गति-विधि के साथ जुडने में हिन्दी समर्थ हो गई है । अर्थात् एक संगणकीय भाषा के रूप में हिन्दी का विकास हुआ है । आज गली-गली में इन्टरनेट फैल गया है । रेलवे, बैंक, बीमा और अन्य कार्यालयों में कंप्यूटर के बिना कुछ नहीं चलता है । समाज के हर क्षेत्र में कंप्यूटर से कार्य चल रहा है । स्पष्ट है कि कंप्यूटर से काम और नौकरी के अवसर बढते हैं, काम में सुविधा होती है और घंटों तक किए जानेवाले काम मिनटों में पूरे हो जाते हैं । हर भाषा में कंप्यूटर की सुविधाएँ उपलब्ध हैं । लेकिन आम जनता की भाषा की दृष्टि से हिन्दी की भूमिका महत्वपूर्ण है ।

४.१.३ आम जनता के लिए सूचना प्रौद्योगिकी

भारत में वैश्वीकरण, आर्थिक उदारीकरण और निजीकरण के परिप्रेक्ष्य में यह सोचना अनिवार्य हो गया है कि यदि आम लोगों को इस सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ पहुँचना है तो इसे भारतीय भाषाओं में सुलभ कराना आवश्यक है । आज भारत में अधिकाधिक लोग प्रौद्योगिकी से जुडे कामों में कार्यरत है । हमारे कामकाजों में कंप्यूटरों के बिना कार्य नहीं चलेगा, ऐसी स्थिति आ गई है । आज कंप्यूटर टेक्नोलॉजी सूचना संसाधन और संप्रेषण इंजीनियरी की सबसे ज़्यादा कारगर टेकनोलॉजी सिद्ध हो रही है । आम लोगों के जीवन तक प्रौद्योगिकी का प्रभाव है । कल के उद्योग आज प्रौद्योगिकी से जुड़ गया है । सूचना प्रौद्योगिकी आज आगे की आगे ओर बढ़ रहा है, क्योंकि समाज में मानव के लिए जो कुछ चाहिए वह सभी बातों की जानकारी उससे मिलते है । अब तीव्र गति से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नित नए उपकरण, नई नई संकल्पनाएँ और नई व्याख्याएँ सामने आ रही है । इन्टरनेट इसका एक मूल उपकरण है । इसके द्वारा मानव को छोटे-छोटे तथा बडे-बडे कार्य सभी व्यक्तियों को, अन्य स्थानों पर सूचना देने में सहायक होती है। इच्छित सूचना उपलब्ध हो जाने से अपने व्यावसायिक, सामाजिक और वाणिज्यक कार्यकलापों में वृद्धि कर सकते हैं और अपना जीवन स्तर ऊँचा कर सकते हैं । अतः सूचना प्रौद्योगिकी जनकल्याण के लिए है ।

४.१.४ सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयाम

शताब्दियों के बाद पहली बार समाज में या जन जीवन में एक ऐसी टेक्नोलॉजी का उत्भव हुआ है, वह हमारे जीवन के हर क्षेत्र में अर्थात् सामाजिक और व्यावहारिक जीवन में प्रवेश पा चुका है । पिछले कुछ दशकों से सूचना प्रौद्योगिकी दैनिक जीवन में परिवर्तन कर

रहा है । इस दिशा में भारत में जो उन्नति हुई है वह अन्य देशों की तुलना में विशेषतः एशियाई देश, अधिक महत्वपूर्ण है । आज सूचना प्रौद्योगिकी ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में अद्‌भुत उपलब्धियाँ प्राप्त हो चुकी है और प्राप्त हो रहा है ।

सूचना प्रौद्योगिकी शब्द आज 'आई.टी' के नाम से प्रचलित हो गया है । 'भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान' की स्थापना हैदराबाद में हुई है । अन्य कई स्थानों पर सूचना प्रौद्योगिकी के संस्थानों की स्थापना की जा रही है । आज कंप्यूटर टेक्नोलॉजी सूचना संसाधन और संप्रेषण इंजीनियरी की सबसे ज़्यादा कारगर टेक्नोलॉजी सिद्ध हो रही है । आज कंप्यूटर टैक्नोलॉजी से जितनी बड़ी क्रांति हमारे सामाजिक या व्यावहारिक जीवन में आई उससे कहीं बडी क्रांति सूचना प्रौद्योगिकी से आई है ।

'सूचना प्रौद्योगिकी' शब्द कानों में गुंजते ही विभिन्न वर्ग के लोग सामने उपस्थित हो जाते हैं । जहाँ प्रशिक्षित युवा पीढी इसे विदेश जाने का अवसर समझती है, वहीं बेरोज़गार युवा इसे रोजगार प्राप्ति का साधन समझते हैं । गत शताब्दी के अंतिम दशकों में सूचना एवं संचार के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति के कारण उद्‌भुत सूचना प्रौद्योगिकी नामक विशिष्ट क्षेत्र आज विश्व में अपना जाल फैला चुका है । विश्व का अधिकांश भाग सूचना और सूचना प्रौद्योगिकी की पकड में आ चुका है । सूचना प्रौद्योगिकी की विभिन्न रुपों ने हमारे लिए विकास के नए द्वार खोल दिए हैं । स्थिति यह बन चुकी है कि सूचना प्रौद्योगिकी के अभाव में विकास की संभावनाएँ धूमिल हो चुकी है । सूचना-प्रौद्योगिकी जन्य इस सूचना क्रांति ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में आगे बढाकर प्रमुख स्थान प्राप्त कर लिया है । दैनिक कार्य प्रणाली से लेकर स्वास्थ्य-चिकित्सा, कृषि, बैंकिंग, वाणिज्य-व्यापार, शिक्षा आदि विविध क्षेत्रों

में सूचना प्रौद्योगिकी व्यापक परिवर्तन प्राप्त की जा रही है । समाज के सभी श्रेणी से लेकर साधारण लोगों तक इस ओर आकृष्ट हुआ है । इलैक्ट्रॉनिक वाणिज्य से संबन्धित 'ई-कॉमर्स', कंप्यूटर द्वारा डाक प्रक्रिया संबन्धी 'ई-मेल', चिकित्सा संबन्धी 'ई-मेडिसिन', ऑनलाइन शिक्षा और अधिगम संबन्धी 'ई-एज्यूकेशन', ऑनलाइन सरकारी प्रचालन विषयक 'ई-गार्वेंस', 'ई-बैंकिंग', साधारण मुद्राओं के स्थान पर 'ई-कैश', ई-शॉपिंग, आँकडों का प्रबन्धन, सूचना की पुनः प्राप्ति आदि के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी ने वाणिज्य-व्यापार आदि जीवन के अनेकानेक क्षेत्रों में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है ।

४.१.५ सूचना प्रौद्योगिकी में प्रयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली

Information Technology का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है सूचना प्रौद्योगिकी । सूचना प्रौद्योगिकी के निरंतर विकास के साथ-साथ हिन्दी पारिभाषिक शब्दावली का विकास भी हो रहा है ।

भारत में भी सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व को समझा गया, और जनता के बीच सूचना प्रौद्योगिकी के बिना कुछ नहीं चलता, तथा विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों का अनुसन्धान करके विकास की गति को अपेक्षाकृत तीव्र किया गया । वास्तव में सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से हिन्दी सहित सभी भारतीय भाषाओं को अधिक उन्नत बनाने के विभिन्न प्रयास सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा कर रहे हैं । आज हमारा जीवन बिलकुल बदल गया है, यह बदलाव छोटे बच्चे तक दिखाई देती है । यह बदलाव का कारण सूचना प्रौद्योगिकी है । अर्थात् निरंतर बदलाव में सूचना प्रौद्योगिकी की अहम् भूमिका है । यह शब्द कोने कोने में मुखरित है ।

सूचना प्रौद्योगिकी शब्द संग्रह में विभिन्न संकल्पनाओं के लिए लोकप्रिय शब्दों को अंतर्राष्ट्रीय शब्दावली के यथावत अपना लिया गया है । जहाँ जहाँ हिन्दी पर्याय के तत्काल चलन की संभावना कम दिखाई दी है, वहाँ हिन्दी पर्यायों के साथ साथ मौजूदा प्रचलित अंग्रेज़ी रुप भी दे दिए गए है । अभी जनता के बीच विभिन्न परिचालक प्रणालियों के लिए अंग्रेज़ी शब्दावली का प्रयोग हो रहा है । उदा :-

Access	–	एकसेस
Excel	–	एकसेल
Pearl	–	पर्ल
Microsoft Office	–	माइक्रोसोफ्ट ऑफिस
SAP	–	सैप
Linux	–	लिनक्स
X-Window	–	एक्स-विंडो

आगे और कुछ भिन्न प्रणालियाँ या शब्द देखिए –

Wizard	–	विजार्ड
Google	–	गूगिल
Chrome	–	च्रोमे
You Tube	–	यू-टूब
Hangouts	–	हाञ्औट्स
Email	–	ई-मेल
